तापमान

अधिकतम 37 डिग्री


न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 9 मई 2024



10 आधी रात पोलिंग पार्टी स्ट्रांग रूम पहुंची, सुबह तक मशीन जमा


11 विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हुई निबंध चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता











## खबर संक्षेप

### ट्रक ने हेल्पर का पैर कुचला

**भिलाई।** सड़क हादसे में ट्रक का हेल्पर गंभीर रुप से घायल हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने वाहन के खिलाफ अपराध कायम किया है। घटना पावर हाउस फ्लाई ओवर ब्रिज के पास की है। मिली जानकारी के मुताबिक रीवा एमपी निवासी सचिन गोस्वामी मंगलवार की रात ट्रक ड्राइवर के साथ नागपुर से ट्रक लेकर रायपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान पावर हाउस फ्लाई ओवर के ऊपर ट्रक खराब हो गया। हेल्पर ट्रक को देखने के लिए नीचे उतरा। तभी पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक चालक ने तुरंत डॉयल 108 फोन कर हादसे की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे एंबुलेंस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका उपचार जारी है। हादसे में हेल्पर के पैर में अज्ञात ट्रक कुचल कर फरार हो गया।

### जान से मारने की धमकी

**भिलाई।** जान से मारने की धमकी और पार्टी में प्रवेश करने करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 507 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा थाना नेवई निवासी संजीत विश्वकर्मा को अज्ञात व्यक्ति ने वाट्सअप काल व मैसेज कर जान से मारने की धमकी देरर गाली गलौज करने का शिकायत किया है। अज्ञात आरोपी ने पीड़ित को आम आदमी पार्टी छोड भाजपा में प्रवेश करने की बात कही है।

### पीएम और एचएम का आपत्तिजनक वीडियो

**भिलाई।** देश के पीएम, एचएम और यूपी सीएम का आपत्तिजनक वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसे लेकर गलत कमेंट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि का दुर्ग निवासी सुनील कुमार वैष्णव ने शिकायत किया है कि पीएम नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, सीएम योगी आदित्य नाथ को लेकर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक वीडियों वायरल अज्ञात ने वायरल किया है। उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में स्वीप कार्यक्रम की भूमिका अहम

# भिलाई में गिरा वोटिंग ग्रॉफ, आठ में मतदाताओं ने तोड़ा पिछला रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग संसदीय क्षेत्र में संपन्न हुए मतदान के आंकडे में इस बार भिलाई नगर विधानसभा में वोट प्रतिशत घट गया है। जबकि आठ अन्य सीटो में वर्ष 2019 के चुनाव का पिछला रिकार्ड मतदाताओं के उत्साह के आगे ध्वस्त हो गया है। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकडों पर गौर करे तो पाटन में पिछले साल के मुकाबले चार फीसदी वोटिंग दर्ज की गई है, वही सबसे कम भिलाई नगर में 65.47 से गिरकर इस बार 64.32 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई है। इस बार रिकार्डतोड 73.68 फीसदी वोट पडे है, जबकि पिछला 2019 में यह आंकडा 71.68 तक रहा।

उल्लेखनीय हैं कि, सात मई को दुर्ग संसदीय सीट का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है। दूसरे दिन जिला निर्वाचन आयोग द्वारा अंतिम वोट प्रतिशत जारी कर दिया गया है। इस चुनाव में रोचक तथ्य यह रहा हैं कि, पुरूषों के मुकाबले महिलाओं ने बढ चढकर वोटिंग में हिस्सा लिया है। पाटन में महिलाओं ने पुरूषों को पिछे छोडा है। यही स्थिति दुर्ग ग्रामीण विधानसभा की रही है। दुर्ग शहर में दोनो बार महिलाएं आगे रही है। भिलाई नगर में भी दोनो चुनाव में महिलाएं आगे रही है। वैशाली नगर में 2019 के लोस चुनाव में पुरूष आगे रहे है, वही इस बार यहां महिला ने दमखम दिखाया है। अहिवारा की बात करे तो यहां पिछला चुनाव पुरूष का दबदबा रहा, लेकिन इस बार यहां भी महिलाएं आगे रही। साजा में दोनो चुनाव मे पुरूष और बेमेतरा में इस बार पुरूषों को पछाडकर महिला आगे रही। नवागढ में दोनो चुनाव में पुरूष आगे रहे है। इस तरह वर्ष 2024 में दुर्ग संसदीय क्षेत्र में रिकार्ड तोड 73.68 फीसदी वोट पडे है। जबकि वर्ष 2019 में 71.68 प्रतिशत वोट पडे थे।



### इस बार छह सीट में महिला आगे

भाजपा की चाहे महतारी वंदन हो या कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना जो भी असर कर गई है, यह चुनावी परिणाम बताएगा। लेकिन इस चुनाव में महिलाएं पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, वैशालीनगर, अहिवारा, बेमेतरा में आगे रही। जबकि पिछले साल महिलाएं सिर्फ दुर्ग शहर में भी पुरूषों से आगे रही। जानकार मान रहे है कि, चुनावी घोषणा में शामिल मुद्दे महिलाओं की इस बार बढी भागीदारी दी है। अब वो चाहे किसी भी पार्टी के पक्ष में रहेगा।

### कहां कितने वोट मिले

जानकारी अनुसार पाटन में पुरूष ने 107430 महिला 108844, दुर्ग ग्रामीण में पुरूष 108747 महिला109872 दुर्ग शहर पुरूष 112830 महिला 118053, भिलाई नगर पुरूष 81874 महिला 81855, वैशालीनगर पुरूष 125353 महिला 125671, अहिवारा पुरूष 116548 महिला 118814, साजा पुरूष 127186 महिला 126239 बेमेतरा पुरूष 124722 महिला 125176, नवागढ पुरूष 137310 महिला 133836 रही है। इस तरह नौ सीट में पुरूष 1042000 और महिलाएं 1048360 रही है। टोटल नौ सीट में 2090414 मतदाताओं ने मतदान किया है। जबकि वोटर 2081191 थे।

### विस चुनाव के बाद पांच सीट में कम वोटिंग

विधानसभा चुनाव पिछले नवंबर माह में संपन्न हुआ था। उसके पांच माह बाद लोक चुनाव में पांच सीट में कम वोटिंग हुई है। जिसमें पाटन विस में 84.27 था जो गिरकर लोस में 81.98 फीसदी रहा। दुर्ग ग्रामीण में 74.74 था, जो बढकर 75.90 और दुर्ग शहर में 66.36 से बढकर 69.03 है। भिलाई नगर विस में 66.34 था, यहां कम होकर 64.32 हो गया। वैशालीनगर 65.71 से कम होकर 67.91 फीसदी, अहिवारा 72 से बढकर 75.18 और साजा 83.19 से कम होकर 77.94 और बेमेतरा में 79.38 से कम होकर 76.83 और नवागढ में 75.95 से कम होकर 72.07 वोटिंग दर्ज की गई है। इस तरह विधानसभा चुनाव के बाद पांच सीट में कम वोटिंग और चार में बढत मिली है।

### 2024 का वोटिंग प्रतिशत

| विस सीट | पुरूष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| पाटन | 82.87% | 81.09% | 81.98% |
| दुर्ग ग्रामीण | 76.41% | 75.39% | 75.90% |
| दुर्ग शहर | 69.69% | 68.40% | 69.03% |
| भिलाई नगर | 65.02% | 63.61% | 64.32% |
| वैशालीनगर | 68.13% | 67.68% | 67.91% |
| अहिवारा | 76.98% | 73.41% | 75.18% |
| साजा | 78.93% | 76.94% | 77.94% |
| बेमेतरा | 77.56% | 76.10% | 76.83% |
| नवागढ | 72.41% | 71.72% | 72.07% |
| कुल | 74.44% | 72.93% | 73.68% |

### 2019 की वोटिंग

| पुरूष | महिला | कुल |
|---|---|---|
| 79.86 | 76.06 | 77.96 |
| 74.08 | 71.69 | 72.89 |
| 69.78 | 67.77 | 68.76 |
| 66.57 | 64.33 | 65.47 |
| 67.41 | 66.04 | 66.73 |
| 74.39 | 70.60 | 72.49 |
| 78.11 | 74.22 | 76.19 |
| 76.67 | 72.31 | 74.52 |
| 71.14 | 67.38 | 69.30 |
| 73.21 | 70.13 | 71.68 |

### कलेक्टर ने माना आभार



जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में स्वीप कार्यक्रम की अहम भूमिका रही है। इस चुनाव में मतदान में लगभग 2 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ सुचारू रूप से मतदान संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया।

\- ऋचा प्रकाश चौधरी, कलेक्टर

# महिला व्याख्याता खंभे से टकराई, दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



कुम्हारी में महिला मतदानकर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। महिला कर्मी की ड्यूटी वैशाली नगर मतदान केंद्र क्रमांक 205 में लगी थी। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि महिला मतदान कर्मी मधु बंजारे शासकीय उच्चतर माध्यमिक

- बुधवार सुबह कुम्हारी के पास हुई घटना

विद्यालय ग्राम गिरहोला में व्याख्याता के पद पर कार्यरत थी। मधु ने 7 मई को पूरा दिन मतदान का कार्य कराने के बाद अपने सहकर्मियों के साथ मत पेटियों (ई वी एम) को स्ट्रांग रूम में जमा कराया। इसके बाद सुबह अपने घर कोटा रायपुर जाने के लिए अपनी एक्टिवा सीजी 04 पीजी 6595 से निकली थी। इस दौरान कुम्हारी के ओवर ब्रिज के पास दिशा सूचक बोर्ड के खंबे से टकराई। हादसे में मधु के सिर पर खंबा टकरा गया। महिला बुरी तरह घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां के डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आंगनबाड़ी का ताला टूटा

**भिलाई।** आंगनबाडी का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि आंगनबाडी क्रमांक 4 शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला के समीप है। जहां से चोरों ने गैस चूल्हा और सिलेंडर लेकर फरार हो गए है।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**

# दहेज प्रताड़ना, पति समेत तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दहेज के लिए मानसिक रुप से प्रताड़ना करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ धारा 498 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। महिला पुलिस थाना ने बताया कि माह नवम्बर 2022 से अपने मायके 20/2 मैत्रीनगर रिसाली निवासी मेघा बाघमार एमबीए तक पढ़ाई की है। शादी 27 जनवरी 2022 को शंकर नगर रायपुर निवासी सौम्य बघमार के साथ सामाजिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ। 10 महीने ससुराल में पीड़िता रही है। इस दौरान पति , सास, ससुर तीनों ने मिलकर घरेलू छोटी छोटी बातों को लेकर लगातार शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करते थे। पीड़िता इसके लिए काउंसलिंग भी पहले करा चुकी है। काउंसलिंग , जांच, बयान में पति सौम्य बघमार द्वारा मानसिक प्रताडना करना , मारपीट करना, पति,सास, ससुर नरेश बाघमार द्वारा मांग करने पर 2 लाख रूपये चेक और 1 लाख रूपये नगद दिया। पति द्वारा नशे का सेवन कर प्रताडित करना , रूपयो की मांग करते थे। इसके अलावा सास मीना बघमार द्वारा शादी के बाद अपने परिवार वालो के लिये पीड़िता से सोने चांदी चांदी के जेवर की मांग करते रहते थे। पीड़िता अभी रिसाली में रहती है। शादी के करीब 6-7 दिन के दरम्यान पति की आदत शराब, ड्रग का सेवन करने के को लेकर जानकारी हुई। ससुराल वालों ने पीड़िता को फरचूनर कार और 20 लाख लेकर आने की धमकी भी दी थी।

# महिला से गाली गलौज, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मारपीट कर गाली गलौज करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 323, 34, 506 के तहत कार्रवाई किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि ग्राम जरवाय बजरंग पारा चौक निवासी एमेन्द्र कुमार साहू ने शिकायत किया है कि धनुष ठाकुर पत्नी देवकी साहू को देख मुंह से थूक देता था 8 मई की दोपहर 1.20 बजे घर खाना खाने पहुचा था। इस दौरान आरोपी धनुष ठाकुर ने मुंह में थूक दिया और गाली गलौज कर रहा था। जिसे देख एमेन्द्र ने विरोध करने पर आरोपी धनुष ठाकुर, लक्की, माना ठाकुर के साथ आकर जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित से मारपीट किया। घटना में पीड़ित के बांये हाथ, बांये गला, सीना, दाहिने कंधा के पास चोटें आई है।






### कहीं तार पर पेड़ गिरे तो कहीं सबस्टेशन में ही आई दिक्कत

# अधंड़ व बारिश से रातभर बिजली बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


मंगलवार को अचानक अंधड़ और बारिश ने बिजली व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया। दुर्ग भिलाई और ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं बिजली लाइन पर पेड़ की डालियां टूट कर गिर गई। सब स्टेशनों और ट्रांसफार्मरों में आई दिक्कतों की वजह से बिजली की आंख-मिचौली होती रही। दुर्ग ग्रामीण और पाटन क्षेत्र में पूरी रात कई गांव अंधेरे में डूबा रहा। बुधवार को पूरे दिन बिजली विभागीय अमला बिजली व्यवस्था बहाल करने में मशक्कत करता रहा। इसलिए दिन में भी बिजली आती-जाती रही।

### ये इलाके डूबे रहे अंधेरे में

रूआबांधा 11 केवीए स्टेशन , दुर्ग बघेरा विद्युत स्टेशन, भिलाई तीन विद्युत स्टेशन और पाटन क्षेत्र के लिए पाटन विद्युत स्टेशन से बिजली की सप्लाई होती है। शाम को जैसे ही अंधड़ शुरू हुई इन स्टेशनों से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। सुपेला, छावनी, रामनगर, पावरहाउस, भिलाई तीन, रिसाली, रूआबांधा, चंद्रनगर-लोकनगर उमरपोटी, पुरई, उतई, सेलूद, जामगांव आर, चुनकट्टा, पतोरा, अचानकपुर, गोंडपेंड्री, पाउवारा, जजंगिरी, रिसामा, बोरसी, बघेरा सहित कई गांवों में बिजली चली गई। रातभर बिजली के लिए लोगों को परेशान होना पड़ा।

### लाइन टूटी और सप्लाई बंद

रूआबांधा 11 केवीए स्टेशन से रिसाली, रूआबांधा, चंद्रनगर, लोकनगर उमरपोटी, न्यू नेहरूनगर, कबीरनगर, पुरई क्षेत्र में बिजली सप्लाई होती है। यहां पेड़ बिजली तार पर गिर गई और घंटो बिजली बंद रही। इस स्टेशन से चंद्रनगर-लोकनगर कालोनी और उतई क्षेत्र में बिजली की समस्या दूर करने के लिए लाखों रुपए खर्च कर पिछले साल से नया पावर स्टेशन और जोड़ा गया है। लेकिन अधिकारियों ने अब तक लाइन नहीं जोड़ी है। जिसकी वजह से पर्याप्त बिजली नहीं मिल पाती।



### मेनपावर की दिक्कत से जूझ रहा विभाग

बिजली की तार-तार होती व्यवस्था को लेकर अधिकारी पुराना राग अलाप रहे हैं। अभी बारिश शुरू नहीं हुई है और बारिश पूर्व बिजली मेंटनेस के नाम पर तो गर्मी में लोड बढ़ने का हवाला देकर अपने कर्तव्य से विमूढ़ हो रहे हैं। अधिकारियों का यह भी कहना है कि हमारे पास मेनपावर की कमी है। इसलिए जहां फॉल्ट होता है वहां तत्काल अमला भेजकर दुरूस्त नहीं कर पाते। इधर मेनपावर की कमी कई सालों से बनी हुई है और बिजली सुधार से मीटर रीडिंग तक ठेके पर चल रहे हैं उसके बाद भी अधिकारियों का यह कहना उपभोक्ताओं के गले नहीं उतरता।

### ट्रांसफार्मरों में बढ़ा लोड

गर्मी में बिजली की खपत बढ़ गई है। लोग अपने घरों में एसी, कूलर और पंखे दिन व रात चला रहे हैं। इसलिए ट्रांसफार्मरों में लोड ज्यादा बढ़ गया है। उसके बाद भी बिजली सप्लाई को दुरूस्त करने के लिए कार्य नहीं हो रहे हैं। जिसकी वजह से रूआबांधा स्टेशन से बिजली सप्लाई में आए दिन प्राब्लम आ रही है। उपभोक्ता बताते हैं कि उतई वितरण केंद्र में शिकायत करते हैं तो उनका यह जवाब रहता है कि रूआबांधा स्टेशन से ही दिक्कत आ रही है। दिन में कई बार बिजली जा रही है और यह हर दिन की स्थिति है। एक दिन भी ऐसा नहीं जाता कि पूरे समय बिजली मिली हो। शाम से रात तक कभी भी बिजली जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## जिला प्रशासन ने प्रेक्षकों का किया धन्यवाद ज्ञापित

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र दुर्ग 7 में 7 मई 2024 को तीसरे चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न सफलता में प्रेक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। जिसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने एडीएम अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी कुमार देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बजरंग दुबे की उपस्थिति में जिला प्रशासन की ओर से सामान्य प्रेक्षक श्री श्रीकेश लथकर एवं व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्टी को नंदी की मूर्ति भेंट की। साथ ही कलेक्टर सुश्री चौधरी ने प्रेक्षकों को मतदान प्रकिया में उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## निषाद समाज का महासम्मेलन 12 को

**दुर्ग।** जिला निषाद केवट समाज का महासम्मेलन 12 मई को ग्राम पंचायत चिरपोटी ब्लाक दुर्ग में आयोजित की गई है। उक्त महासम्मेलन में जिले के समस्त से तहसील एवं गांव ब्लाक क्षेत्र से स्वजाती बंधू पुरुष महिला, बच्चे सहित शामिल होंगे। वार्षिक सम्मलेन में प्रथम सत्र का उद्घाटन भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा व कार्यक्रम की अध्यक्षता गुंडरदेही विधायक एवं निषाद केवट समाज प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद द्वारा की जाएगी। विशेष अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं राजेंद्र साहू उपस्थित रहेंगे। महासम्मेलन के द्वितीय सत्र का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डॉ घनश्याम निषाद जिला अध्यक्ष निषाद केवट समाज, उपमुख्य मंत्री विजय शर्मा, विजय बघेल आदि मौजूद रहेंगे।

## तालाबों को भरने छोड़ा पानी, सड़क पर बह रहा

**बालोद।** सरकारी भूमि पर लगातार हो रहे अतिक्रमण के कारण शहर की मुलभूत सुविधाओं के लिए निर्माण कार्यों के लिए जगह की कमी के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, व्यवस्था बनाने के लिए जिम्मेदार लोगों की लापरवाही भी इसका बड़ा कारण है। शहर के तालाब को भरने खरखरा नहर से पानी छोड़ा गया है। लेकिन, इस बीच केनाल से पालिका की नाली तक पहुंचने से पहले पानी सड़क पर बहता है और उसके बाद वह नाली तक पहुंचता है। इससे बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। ऐसी स्थिति हर साल निर्मित होती है। सड़क पर पानी बहने से एक ओर जहां इसकी बर्बादी हो रही है, वहीं आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, आसपास रहने वाले कुछ लोग सड़क पर ही अपने वाहन को धो रहे हैं, तो कुछ महिलाएं तो घर के बर्तन व कपड़ो की धुलाई तक सड़क पर ही कर रही हैं। बच्चे भी सड़क पर बह रहे पानी में मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इस तरह की स्थिति हर साल देखने को मिलती है। सड़क पर बह रहे पानी की समस्या का समाधान कर केनाल से डायरेक्ट नाली में पानी पहुंचाने की व्यवस्था पालिका प्रशासन आज तक नहीं कर पाई। जानकारी के अनुसार यह स्थिति कई दशकों से है। लेकिन जिला बने बारह साल बीत जाने के बाद भी जिला मुख्यालय में इस बड़ी समस्या का समाधान अब तक नहीं किया गया है, जबकि हर साल तालाबों के लिए पानी लिया जाता है।





**दुर्ग।** इन दिनों भीषण गर्मी के चलते पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया है। गर्मी से राहत पाने न सिर्फ इंसान बल्कि जानवर भी मशक्कत कर रहे हैं। महमरा एनीकट में नहाते बच्चे और पास के ही तालाब में मवेशी भी दिखे।

### चुनाव : बारिश के चलते व्यवधान, स्ट्रांग रूम में अब पुलिस की पहरेदारी

# आधी रात पोलिंग पार्टी स्ट्रांग रूम पहुंची, सुबह तक मशीन जमा


हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद स्ट्रांग रूम तक सफर करना मतदान कर्मियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पडा। मतदान के बीच बिजली गुल होने से पहले ही अनंतिम आंकडे में देरी हो गई, वही कई केन्द्रों में मतदान संपन्न होने में भी देरी हो गई। बिजली गुल और आंधी तूफान के चलते कई केन्द्रों में लगे पंडाल उड गए। ऐसे में मतदान दलों को देर रात बूथ से रवाना होना पडा, जबकि शंकराचार्य कालेज में एक साथ हजारों कर्मियों के पहुंचे से परिसर कीचड में तब्दील हो गया था। जहां मशीन जमा करते सुबह चार बज गए थे।

उल्लेखनीय है कि, दुर्ग संसदीय सीट के 2223 और सहायक 36 केन्द्रों में मतदान संपन्न कराया गया। सुबह सात से शाम छः बजे तक वोटिंग की प्रक्रिया चलते रही। अफसरों की माने तो आखिरी में वोटरों को परिसर के अंदर प्रवेश दिया गया7 जिसके बाद देर रात वोटिंग संपन्न कराया गया। वही बारिश ने अंतिम समय में खलल डाल दी। जिसके चलते पोलिंग पार्टियों को देर रात रवाना किया गया। मतदान सफलता के पश्चात ईव्हीएम मशीन एवं व्हीव्हीपैट को श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई में बने स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए है। साथ ही सीसी टीवी कैमरों के माध्यम से ईवीएम मशीनों पर निगरानी रखी जा रही है।

**देर रात 12 बजे तक मशीन जमा और सुबह 4 बजे मिली मतदान दलों को ओके रिपोर्ट**







### अफसरों ने स्ट्रांग रूम का लिया जायजा

केन्द्रीय सशस्त्र बल चौबीसो घंटे स्ट्रांग रूम की निगरानी करेंगे। मतगणना दिवस तक स्ट्रॉग रूम को कड़ी सुरक्षा के बीच स्पेशल फोर्स की निगरानी में ही रखा जाएगा। सामान्य ऑब्जर्वर श्रीकेश लथकर (आईएएस) व एस.बी. शेट्टेनवर (आईएएस) व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आज सुबह करीब 6 बजे स्ट्रांग रूम को सील किया गया है। इस दौरान एडीएम अरविंद एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर दीपक निकुंज, उत्तम ध्रुव, पंचभाई गुरूदत्त एवं अन्य अधिकारी अधिकारीगण मौजूद थे।

### राजनीतिक पार्टियां भी रहेंगी सतर्क

स्ट्रांग रूम में मशीनों के पहुंचने के बाद जहां पुलिस बन तैनात हो गए है, वही प्रत्याशियों द्वारा अधिकृत कार्यकर्ता भी यहां तैनात हैं। स्ट्रांग रूम की चौबीस घंटे पहरेदारी के लिए जवानों की तैनात सात मई से ही कर दी गई है। पूरा परिसर सीसीटीवी कैमरे से लेस है। स्ट्रांग रूम को कई लेयर से सुरक्षा के घेरे में लिया गया है। वोटिंग के बाद मशीनों को यहां जमा कर दिया गया है। वही चुनावी कार्यक्रम के तहत आगामी चार जून को मतगणना के बाद तस्वीर साफ होगी। बहरहाल चुनाव निपटते हुए जीत हार को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

# स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार गुप्त ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर उनका ध्यान लोकतंत्र और संविधान पर आसन्न खतरे की ओर आकर्षित करते हुए कहा है कि, भारत निर्वाचन आयोग के सहयोग से राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल देश में पार्टी की तानाशाही स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए व्हीप और दलबदल कानून को राजनीतिक टूल के रूप में इस्तेमाल करते हैं।

■ सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को लिखा पत्र

मंच के नेता ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को लिखे पत्र में कहा है कि, संवैधानिक प्रावधान के अनुसार लोकसभा और विधानसभाओं का गठन निर्धारित चुनाव क्षेत्र में पंजीकृत मतदाताओं द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों से होता है और जिसे निर्वाचित प्रतिनिधियों के बहुमत का विश्वास प्राप्त होता है। वह प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री बनकर सरकार का गठन करता है। संविधान में राजनीतिक दल का कोई स्थान नहीं है, मंच के नेता ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। वर्तमान लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा द्वारा प्रचारित किया जा रहा है कि प्रत्याशी को नहीं मोदी जी का चेहरा और पार्टी का चुनाव चिन्ह को देखकर वोट करें। लगभग ऐसा ही प्रचार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और अन्य दलों द्वारा भी किया जाता है। यह लोकतंत्र और संविधान पर गंभीर संकट का संकेत है, इस पर भारत निर्वाचन आयोग की चुप्पी से संदेह पैदा होता है कि, आयोग और मान्यता प्राप्त दलों के बीच आपसी सांठगांठ है।

### मतदाताओं के प्रति जवाबदेही जरूरी

पत्र में आगे कहा गया है कि, लोकसभा और विधानसभाओं में जनता का प्रतिनिधित्व करने वाला अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं के प्रति जवाबदेह होना चाहिए और उसे निर्भीक होकर स्वतंत्र रूप से सदन में अपनी बात रखनी चाहिए। लेकिन दलों द्वारा व्हीप जारी करके उन्हें पार्टी के निर्देश के अनुसार आचरण करने के लिए विवश किया जाता है। इसी प्रकार जब निर्वाचित प्रतिनिधि को सदन में मतदान करना होता है, तब भी उसे दल द्वारा निर्देशित किया जाता है। जनता के द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि यदि दल बदल लेता है, तब सदन से उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाती है। संवैधानिक प्रावधान के अनुसार निर्वाचित प्रतिनिधि को सदन से वापस बुलाने का एकमात्र अधिकार उस निर्वाचन क्षेत्र के पंजीकृत मतदाताओं को है, लेकिन किसी निर्वाचित प्रतिनिधि की सदन से सदस्यता समाप्त करने का निर्णय दल की शिकायत पर स्पीकर द्वारा लिया जाता है। ऐसा निर्णय लेने से पहले क्षेत्र के पंजीकृत मतदाताओं को विश्वास में लेना जरूरी नहीं समझा जाता है। ऐसा असंवैधानिक दलबदल कानून के कारण से है।

# एक दिन में 32 कोविड जांच, सभी निगेटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर द्वारा दिये गये दिशा निर्देशानुसार दुर्ग जिले में डॉ. जे.पी. मेश्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देश में डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी, दुर्ग द्वारा कोविड-19 के रोकथाम व सतत निगरानी हेतु स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाईजर, एम.पी.डब्लू.. ए.एन.एम. की टीम को निर्देशित किया गया कि कोविड संबंधित समस्त दिशा निर्देशों का पालन किया जावे एवं कोविड धनात्मक आने पर शत प्रतिशत कान्टेक्ट ट्रेसिंग किया जावे। जिले में सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले इंफ्लुएंजा (ILI) गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (SARI) के प्रकरणों की सतत निगरानी करते हुये दैनिक आधार पर नियमित रूप से रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिये गये हैं। कोविड से बचाव के लिए कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करना आवश्यक है, विशेषकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग, गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाऐं तथा बच्चों को बाहर जाने पर सावधानी और बचाव हेतु मास्क लगाना चाहिए तथा भीड़भाड़ वाले स्थान पर जाने से बचना चाहिए, बार-बार साबुन से हाथ धोना, व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे खांसने, छींकने पर अपने नाक व मुंह को टिशु पेपर या कपड़े से ढंके, साथ ही सुरक्षित दूरी बनाने तथा उचित आहार लेने पर भी जोर दिया है।

■ निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन हो

### अब तक मिले 225 मरीज

आठ मई को दुर्ग जिले में कुल 32 (**RTPCR**-12 तथा **RAT**-20) कोविड जॉच किये गये जिसमें कोई भी व्यक्ति कोविड पॉजिटिव नहीं मिले हैं। इस प्रकार से अब तक दुर्ग जिले में 225 कोविड पॉजिटिव मरीज मिले हैं, और 04 मरीज एक्टिव हैं, जो कि होमआईसोलेशन में हैं, जिनका स्वास्थ्य सामान्य है। सक्रिय कोविड संक्रमित व्यक्तियों से संबंधित क्षेत्र के समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी व शहरी कार्यकम प्रबंधक व कान्टेक्ट ट्रेसिंग टीम को सभी पॉजिटिव मरीजों की तत्काल कान्टेक्ट ट्रेसिंग किये जाने एवं उनके सतत निगरानी किये जाने निर्देशित किया गया है।

### दी जा रही हिदायतें

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग, दुर्ग समस्त जनता से अपील करता है कि कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करना आवश्यक है जिसके अंतर्गत भीड़भाड़ वाले स्थानों से दूरी बनाये रखें, मास्क का उपयोग करें, कोरोना से सतर्क रहे व जागरूक बनें, सर्दी, खांसी, बुखार या श्वसन संबंधी लक्षण से नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें और अपने व परिवार का ध्यान रखें।

# महिला क्रिकेट में साउथ जोन की 7 विकेट से जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वुमेंस सीनियर/अंडर 23 वनडे चैलेन्जर्स ट्रॉफी 2024 की शुरूआत बुधवार से हुई। उक्त टुर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मैच वनडे फार्मेट में खेले जा रहे हैं। मैच शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर तथा सेक्टर 1 मैदान, भिलाई में खेले जा रहे हैं। पहले दिन एक दिवसीय मैच ईस्ट जोन तथा वेस्ट जोन के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। जिसमें वेस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। ईस्ट जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाये। जिसमें निधि ने 31 रन तथा संजना पारधी ने 25 रनों का योगदान दिया। वेस्ट जोन की ओर से ष्वेता देवांगन तथा उर्मिला ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट जोन की टीम ने 33.3 ओवरों में 4 विकेट खोकर 150 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। वेस्ट जोन की ओर से सृष्टि शर्मा ने नाबाद 83 रन बनाये। ईस्ट जोन की ओर से चांदनी गायकवाड ने 2 विकेट प्राप्त किये। वेस्ट जोन ने मैच 6 विकेट से जीत लिया। आज का दुसरा एक दिवसीय मैच नार्थ जोन तथा साउथ जोन के मध्य सेक्टर 1 ग्रांउड, भिलाई में खेला गया। जिसमें साउथ जोन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। मैच 35 ओवरों का खेला गया।

नार्थ जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 35 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाये। जिसमें मनप्रीत कौर गील ने 63 रन नाबाद तथा मीताली शर्मा ने 54 रनों का योगदान दिया। साउथ जोन की ओर से रवीना साहु तथा अपाला सिंह बघेल ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ जोन की टीम ने 33.1 ओवरों में 3 विकेट पर 161 रन बनाकरमैच जीत लिया। साउथ जोन की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने 82 रन तथा कुमुद साहु ने 44 बनाये। नार्थ जोन की ओर से श्रद्धा वैष्णव ने 2 विकेट प्राप्त किये। साउथ जोन ने मैच 7 विकेट से जीत लिया।



### कल जिलेभर में मनेगा अक्ती पर्व, बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

# अक्ती पर्व पर चमकेगा बाजार, वैवाहिक कार्यक्रमों की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अक्षय तृतीया के अवसर पर एक बार फिर बाजार चमकने की तैयारी हैं। इस दिन बडी संख्या में शादी आयोजित होने के बचते व्यापारियों में ग्राहकी बढने की उममीद है। हांलाकि भीषण गर्मी के चलते दोपहर को सन्नाटा भी पसरने लगा है। लेकिन आगामी दस मई को अक्ती के चलते बाजार में रौनक बढेगी।

■ अक्ती के पूरे दिन शुभ लग्न का संयोग

उल्लेखनीय हैं कि, अक्ती पर्व को शुभ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन पूरे समय वैवाहिक लग्न होता है। जिसके चलते बढी संख्या में शहर से लेकर गांव में वैवाहिक आयोजन होते है। दुर्ग इंदिरा मार्केट के बाजार में ग्राहकी उमड़ने लगी है। इस दिन शहरी व ग्रामीण इलाको में वैवाहिक आयोजन होगें। जिला प्रशासन द्वारा जिले में बाल विवाह को पूर्णरूप से प्रतिबंधित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति, चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम गठित की गई है।

### हेल्प लाइन नंबर भी जारी

किसी महिला को कारावास का दण्ड नहीं दिया जा सकता है। बाल विवाह करना सामाजिक बुराई एवं कानूनन अपराध है एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों से आम जनता को जागरूक किये जाने तथा किसी भी व्यक्ति को बाल विवाह की जानकारी होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग (फोन नं.-0788-2213363, 2323704) चाईल्ड हेल्प लाईन (1098), परियोजना कार्यालय, पुलिस विभाग (112, 100) महिला हेल्पलाईन (181) वार्ड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति में संपर्क कर सकते है।



### दो साल की सजा और कारावास का प्रावधान

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। 21 वर्ष से कम आयु का पुरूष यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता है तो उसे 02 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसकी सहायता करता है, उन्हें दण्डित किया जा सकता है तथा कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा अथवा जानबूझकर उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है तो उसे भी दण्डित किया जा सकता है।

# प्रवेश व पात्रता परीक्षा तिथियों में संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य केन्द्र स्तरीय परीक्षाओं की तिथि घोषित होने के परिणाम स्वरूप पी.ए.टी/पी.व्ही.पी.टी., बीएससी (कृषि), बीएससी (उद्यानिकी), पशुपालन में डिप्लोमा और मतस्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा, प्री.बी.ए.बी.एड. और प्री बी.एससी बी.एड. की परीक्षाएं अब 09 जून 2024 को होगी। पूर्व में इन परीक्षाओं के लिए 16 जून की तिथि निर्धारित की गई थी। इसी प्रकार बी.एससी नर्सिंग-2024, पोस्ट बेसिक नर्सिंग-2024 एवं एम.एस.सी. नर्सिंग-2024 की परीक्षा 14 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी। पूर्व में इन परीक्षाओं के लिए 07 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई थी। अन्य प्रवेश परीक्षा का अद्यतन कार्यक्रम इस प्रकार निर्धारित किया गया है। पी.ई.टी-2024, प्री.एम.सी.ए.-2024 एवं पी.पी.एच.टी.-2024 की परीक्षा 13 जून 2024 को होगी। पी.पी.टी. 2024, टीईटी-2024 पात्रता परीक्षा 23 जून 2024 को और प्री.बी.एड.-2024 और प्री.डी.एल.एड.-2024 की परीक्षा 30 जून को होगी।

■ छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने किया संशोधन

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री में मर्ज करने के फैसले पर उठाए सवाल

**भिलाई।** कांग्रेस सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल वर्ष 2020 में आरंभ किया गया और हिन्दी माध्यम स्कूल वर्ष 2022 में आरंभ किया गया। वर्तमान में कुल 751 स्वामी आत्मानंद स्कूल पूरे प्रदेश में संचालित है, जिसमें लगभग पांच लाख बच्चें पंजीकृत है और 14 हजार शिक्षक पदस्थ है। सरकारी हिन्दी मीडियम स्थापित स्कूलों को बंद कर उसे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बनाया गया। अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद कर पीएमश्री स्कूल बनाया जा रहा है, जिसको लेकर अब पैरेंट्स एसोसियेशन ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने स्कूल शिक्षा विभाग और डीपीआई को पत्र लिखकर जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। श्री पॉल का कहना है कि आचार संहिता लगा हुआ है और प्रदेश के 311 स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में मर्ज करने पंजीयन कराया जा रहा है, जबकि यह नितिगत निर्णय है और इस प्रकार का कोई निर्णय कैबिनेट की बैठक में कभी लिया ही नहीं गया, बावजूद इसके शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में पंजीयन कराया जा रहा है, जो उचित नहीं है।



### स्ट्रांग रूम की हुई सीलिंग

**भिलाई।** बुधवार को सुबह 7 बजे स्टांग स्ट्रांग रूम में कलेक्टर की निगरानी में स्ट्रांग रूम सीलिंग किया गया। इस अवसर पर एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, संयोजक कन्हैया सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, शारदा गुप्ता, रंजीत ठाकुर, बंटी नाहर सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निधन

### डॉ. तोरण देवी साहू

**अंडा।** ग्राम कुथरेल के पूर्व सरपंच डॉ. तोरण देवी साहू उम्र 73 वर्ष का 8 मई को आकस्मिक निधन हो गया। वे समाज सेवी डॉ. नीलकंठ साहू की पत्नी व पूर्व सरपंच लोकनाथ साहू एवं भरदा पंचायत सचिव पोषण साहू की भाभी थीं। मृत आत्मा की शांति के लिए दाह संस्कार कार्यक्रम में आसपास के वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार को छोड़ गई है।



## लोकसभा चुनावः गांव गांव के मतदान केंद्रों में सभी उम्र के मतदाताओं की सेल्फी जोन में फोटो की धूम...




**जामगांव आर।** इस बार लोकसभा चुनाव में सभी उम्र स्तर मतदाताओं ने सेल्फी जोन में फोटो खिंचाने उत्साहित रहे। सोशल मीडिया में एक दूसरे को उत्साहित करते रहे। जामगांव आर क्षेत्र में मतदान 76 प्रतिशत से अधिक रहा। 85 वर्षीय लूणी बाई केला अस्वस्थता के बावजूद अपनी पोती पूजा केला के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। लूणी बाई ने कहा कि पोती पूजा केला की समर्पित जागरूकता के कारण अस्वस्थता के बावजूद उम्र के इस पड़ाव में मतदान केंद्र आने में सफलता मिली। खूब फले फूले मेरा भारत समर्पित लोगो के निर्देशन में आगे बढ़े। जामगांव आर, सुरपा, बेलहारी, बटरेल, भनसूली, धमना, गातापार आदि के मतदाताओं ने फोटो शेयर किया।

### विनायकपुर शाला में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हुई निबंध चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में विनायकपुर शाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग के द्वारा आदेशानुसार व शाला के प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत के निर्देशानुसार

- निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पलक और द्वितीय भेणु रही

रेडक्रॉस प्रभारी प्रेमलता योगी देवांगन ने छात्रों को विभिन्न कार्यक्रम चित्रकला, निबंध व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें विश्व रेडक्रॉस दिवस थीम कीपिंग ह्यूमिनिटी अलाईव का बैनर मीरा साहू द्वारा बनाया गया जिसमें यह प्रदर्शित किया गया है कि जीवन में इंसानियत को बनाया रखना बहुत जरुरी है। रेडक्रॉस एक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी है जिसका प्रमुख उद्देश्य रोगियों, घायलों और युद्धकालीन बंदियों की देखरेख करना है। रेडक्रॉस आंदोलन के विकास में विशेषकर 1919 ई. से किसी भी प्रकार की मानव पीड़ा को कम करने की विश्वव्यापी प्रवृत्ति की गणना रेडक्रॉस क्षेत्र के अंतर्गत मानी जाने लगी।भारत में वर्ष 1920 में पार्लियामेंट्री एक्ट के तहत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ। तब से रेडक्रॉस के स्वयं सेवक विभिन्न प्रकार के आपदाओं में निरंतर निस्वार्थ भावना से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी तरह चित्रकला के माध्यम से पायल ने रेडक्रॉस दिवस को प्रदर्शित किया एवं निबंध मे प्रथम पलक, द्वितीय भेणु रही है। बच्चों ने संकल्प लिया कि जिंदगी में ऐसे अवसर मिलते हैं जिसमें हमको दूसरे की सहायता करनी पड़ी तो हम पीछे नहीं हटेंगे।

**कीपिंग ह्यूमिनिटी अलाइव का बैनर बनाया गया**



# पाटन के विप्र भवन में परशुराम जयंती कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

सर्व ब्राह्मण समाज परशुराम भगवान की जयंती की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगा हुआ है। समाज के पदाधिकारी गांव-गांव में निवासरत समाज के परिवार से मिलकर 10 मई को पाटन के विप्र भवन में मनाई जाने वाली श्री परशु राम जयंती के लिए आमंत्रित दे चुके है।

सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मिथिलेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष विजय शर्मा, युवा अध्यक्ष नितेश तिवारी, सचिव आलोक पांडेय, चंचल द्विवेदी, जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि सर्व सम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जमदग्नि पुत्र रेणुका नंदन भगवान परशुराम की जयंती के पावन अवसर 10 मई को सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली जाने वाली भगवान परशुराम की शोभायात्रा में समाज के प्रत्येक घरों से सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य किया गया है। अक्षय तृतीया की शुभ तिथि पर समाज द्वारा सुबह 11 बजे विप्र भवन में भगवान परशुराम का विधिवत पूजन किया जाएगा एवं दोपहर 4 बजे सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण कर पुनः विप्र भवन पहुंचेगी, उसके पश्चात मंच में उद्बोधन एवं बुजुर्गो का सम्मान किया जाएगा।



## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में ग्राहकों का मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 भी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20 कैरेट, 22 कैरेट न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को प्रदान किया जाता है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों के अनुरूप जेवर, नग, मीना, कुंदन के आलावा सिम्पल लेटेस्ट वैरायटी जैसे मंगलसूत्र, नकलेस, रानी हार, झुमके, एरिंग, फैंसी लॉकेट, चैन के अन टच माल सीधा ग्राहकों को दिया जाता है। वहीं चांदी में पायल, बिछिया, करधन मूर्ति की हजारों वैरायटी की भरपूर रेंज 100 प्रतिशत वापसी के साथ जेवर उपलब्ध है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है। वहीं पुराने गहनों की भी अच्छी दाम में वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षों से कायम है। नए-नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे हैं वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते हैं जो शत-प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने, चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है देखने को मिलता है। हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है। श्री सोनी ने बताया जहां पहले नये जगह सोना, चांदी लेने में डर लगा रहता था लोगों में शुद्धता को लेकर संशय बना रहा था वहीं अब हॉलमार्क गहने के आने से ग्राहकों में खरीददारी बढ़ी है। 22 कैरेट/20 कैरेट एवं 18 कैरेट हॉलमार्क ज़ेवर करैट सरकार के द्वारा निर्धारित गहने बेचे जा रहे हैं जिससे ग्राहकों की भीड़ का अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। पुराने जेवरों की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है साथ ही सोने की मंगलसूत्र गुथायी फ्री सेवा उपलब्ध है।




## रवीन्द्रनाथ जयंती पर किए गए याद



**भिलाई।** हाऊसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में बुधवार को विश्वकवि रवीन्द्रनाथ की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कवि गुरु को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि प्रदान की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में शुभ्रा चक्रवर्ती, झुमा चौधरी, संध्या नंदी, पूर्णिमा दत्ता, लाली घोष, दोलन दत्ता, कल्पना साहू, रींकु पंडित, सोमा शाहा, प्रदीप बल, चंदन भट्टाचार्य, दीपक सीकदार, देवव्रत दास, राम घोष, रत्न दत्ता, शंकर दत्ता, आशीष नंदी एवं बडी संख्या में बंगाली समाज के लोग उपस्थित थे। यह जानकारी हाऊसिंग बोर्ड कालीबाड़ी शिक्षण एवं सेवा समिति के अध्यक्ष काजल चक्रवर्ती व महासचिव विद्युत चौधरी ने प्रदान की।

### जगतगुरु शंकराचार्य जयंती समारोह 12 को

**भिलाई।** शहीद स्मारक भवन रायपुर में 12 मई को छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय आद्य शंकराचार्य जयंती समारोह में मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय एवं विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा होंगे।विशेष अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू , दुधाधारी मठ महंत रामसुंदर दास, डॉ.महेश गिरि, महंत सच्चिदानंद गिरि और वीरेंद्र अयोध्या पुरी गोस्वामी होंगे।

# ट्रक और पिकअप वाहन के बीच चपेट में आया बाइक सवार, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

जिले के जंगलपुर और रामपुर गांव के बीच एक बाईक सवार युवक की ट्रक और पिकअप वाहन के बीच चपेट में आने से मौत हो गई है। मृत युवक एक मेडिकल कंपनी का कर्मचारी था। हालांकि युवक ने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन उसके बाद भी भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लालबाग पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक अभिषेक दुबे उम्र 39 वर्ष अपने काम से डोंगरगांव गया था, वहां से करीबन पांच बजे वह वापस राजनांदगांव शहर लौट रहा था। इस बीच ही रामपुर ग्राम के करीब एक ब्रेकर के समीप यह घटना हुई। मृतक की बाईक के आगे एक ट्रक चल रही थी, जिसने ब्रेकर आने पर ब्रेक मारा, अचानक ब्रेक मारे जाने से उसके पीछे बाईक से आ रहे युवक उसमें जा भिड़ा। इसके बाद उसके पीछे आ रही मालवाहक ने उसे पीछे से आकर ठोकर मार दी।



### रास्तेभर बेतरतीब ब्रेकर, सड़क खराब

राजनांदगांव से डोंगरगांव जाने वाले इस मार्ग में जगह-जगह पर बेतरतीब ब्रेकर बनाए गए हैं। जिसकी वजह से पहले भी कई दफा सड़क हादसे देखने को मिले हैं। इसके अलावा सड़क भी जगह जगह से खराब हो गई है। कई स्थानों में बड़े गढ्ढें देखने को मिल जाएंगे। जबकि इस रास्ते से दिनभर यात्री बस के साथ ही बड़ी संख्या में मालवाहक भी आवागमन करते हैं। इसके बाद भी सड़क की स्थिति नहीं सुधारे जाने से ऐसे हादसे देखने को मिल रहे हैं। जिससे लोगों में भी आक्रोश निर्मित हो रहा है।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# बेतरतीब शहर को अब नए मास्टर प्लान की है दरकार

## जनसुविधाओं में विस्तार के साथ एडवांस्ड अंडरग्राउण्ड सीवेज व ट्रैफिक सिस्टम की है जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई


चौतरफा समस्याओं से जूझ रहे भिलाई के सुव्यवस्थित बसाहट और विकास के लिए नए मास्टर प्लान की दरकार है। इससे शहर के नए सिरे से सुव्यस्थित विकास के साथ ट्रैफिक और पब्लिक प्लेस जैसी समस्याओं का निदान हो सकेगा। मास्टर प्लान लागू करवाने के लिए जन प्रतिनिधियों और जागरुक संगठनों को शासन पर दबाव बनाने की जरुरत है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी टाउनशिप और रेलवे ट्रैक के इस पार दो हिस्सों में बंटा शहर अपनी समस्याओं के चलते अब नियोजन मांग रहा है। भिलाई में का टाउनशिप वाला आधा शहर भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के समय से ही सुनियोजित तरीके से बसा हुआ है। लेकिन पटरीपार का एरिया पिछले पचास साल के दौरान अव्यवस्थित बसाहट की समस्या की चपेट में है। बीते वर्षों में जिन सरकारी एजेंसियों पर विकास की जिम्मेदारी थी, उनके गंभीर नहीं होने और एक प्रभावी मास्टर प्लान की कमी के चलते पचास वार्डों में फैला आधा शहर वर्तमान में अनियोजन और अव्यस्थित बसाहट से जूझ रहा है। इस कारण नागरिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 1972 में साडा फिर नगर निगम भिलाई पर इस क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं और निर्माण आदि की जिम्मेदारी थी। इसके पूर्व कैंप और खुर्सीपार आदि क्षेत्र में निर्माण और संधारण सेवाएं भिलाई इस्पात संयंत्र निभा रहा था। इस दौरान स्टील सिटी और महानगर निगम के गठन की मांगों और अरबों के विकास के दावों के बीच जमीन स्थिति यह है कि महानगरीय तर्ज पर बेतरतीब फैल रहे शहर में ट्रैफिक, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, पब्लिक प्लेस और उद्यान, सड़कों, नालियों आदि जन सुविधाओं, अवैध कब्जों आदि से संबंधित विकट समस्याएं काई की तरह जमती जा रही है। इस दौरान अंडरब्रिज जैसे कुछ निर्माण हुए भी तो फेल हो गए।

### टाउनशिप का भी कायाकल्प

पटरीपार के इलाकों को बीएसपी टाउनशिप की तरह चमकाने के सभी जनप्रतिनिधियों ने दावे किए। विकास भी हुआ, लेकिन सुव्यवस्थित मास्टर प्लान नहीं होने से कई समस्याएं बढ़ती गईं। सबसे बड़ी समस्या सड़कों, नालियों, जलभराव ट्रैफिक और कोहगा कुरुद सहित कई वार्डों में पेशेवर कब्जों की है। आज के अनुरुप एंडवास्ड सुविधाएं विकसित नही हुई हैं। सालों बाद भी बस स्टैंड नहीं है, रेलवे स्टेशन का विकास अभी हो रहा है। सिटी बस फेल सेवा हो चुकी है। कैनाल रोड बना लेकिन गंदकी से मुक्ति नही मिली अंडरग्राउंटी सीवेज सिस्टम ठंडे बस्ते में है। चंद्रा, प्रियदर्शनी व नेहरुनगर अंडरब्रिज फेल हो चुके हैं। मनोरंजन सेंटर, सुविधायुक्त मंगल भवन, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स व अच्छे पार्क की जरुरत है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा आज के अनुरुप जरुरी है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नए मास्टर प्लान से बसाहट व विकास जरुरी है।





### टाउनशिप भी हो अपडेट

साठ साल पुरानी टाउनशिप को एक समय सर्वसुविधायुक्त व नीट एंड क्लीन सिटी के रुप में जाना जाता था। इसकी वजह सेल से मुक्त बजट, विकासोन्मुखी पालिसी और अधिकारियों को लोकल अटैजमैंट होता था। लेकिन पिछले बीस साल में टाउनशिप की चमक भी फीकी होती जा रही है। स्कूल, जेएनएल हास्पिटल, हेल्थ सेंटर, मेंटेनेंस आफिस बंद होते जा रहे हैं। 60 साल पुराने आवासीय ब्लाक जर्जरता और कब्जों की समस्या से युक्त है। बैकलेन सफाई सालों से नहीं हुई और सफाई व्यवस्था चरमराने के साथ आवारा मवेशियों की समस्या लाइलाज हो चली है। क्वार्टरों के साथ कई एकड़ जमीन पर कब्जे हैं। टाउनशिप में कीमती जमीन पर पिछले कुछ साल में जगह जगह पूजा स्थल व इबादतगाह के साथ व्यावसायिक स्थल भी तन चुके हैं। क्षेत्रवासियों ने कहा कि सेल को बीएसपी की तरह टाउनशिप की भी कायाकल्प करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### इप्टा की बाल व तरूण नाट्य कार्यशाला कल से

**भिलाई।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरूण नाट्य कार्यशाला भिलाई में 10 मई से शुरू हो रही है। यह कार्यशाला 30 मई तक चलेगी। इस नाट्य शिविर में इप्टा के अनुभवी कलाकारों द्वारा योग, क्राफ्ट, थिएटर, गायन, चित्रकला, मूर्तिकला, अभिनय, स्क्रिप्ट राइटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रसिध्द साहित्यकार, कहानीकार, लेखक, व्यंग्यकार, लोक कलाकार और पत्रकारों से रूबरू भी कराया जाएगा, ताकि बच्चों और किशोर का सर्वांगीण विकास हो। प्रशिक्षण के लिए आवेदन फॉर्म इप्टा कार्यालय नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर-1 से शाम 6:30 से रात्रि 9:00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। इसमें 12 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे ही भागीदार हो सकते हैं।

### लूट के आरोपी को पुलिस ने गोंदिया से पकड़ा

**भिलाई।** लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने महारष्ट्र से गिरफ्तार किया है। घटना कोतवाली दुर्ग एरिया का है। मिली जानकारी के मुताबिक मोती कॉम्प्लेक्स स्थित ज्वेलरी दुकान संचालक से चाकू की नोक पर लूट करने वाले बदमाश को आसपास के लोगो ने पकड़कर पुलिस को सौपा था। दुर्ग स्थित कोतवाली थाने से युवक गंजपारा दुर्ग निवासी राज सोनी सुरक्षा के बीच फरार हो गया। लेकिन आरोपी के फरार होने जानकारी पुलिस ने बाहर आने तक नही दिया था। राज के पकड़े जाने के बाद पुलिस को लापरवाही सामने आई। पुलिस ने फिर से राज की खोजबीन शुरू की और तकनीकी सहायता से उसका लोकेशन को ट्रेस करने पर महाराष्ट्र में होना पता चला। पुलिस ने देर न करते हुए आरोपी राज सोनी को गोंदिया से पकड़ लिया। घटना तीन दिन पहले की है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मोती कॉम्प्लेक्स स्थित एका ज्वेलरी दुकान संवालक से चाकू की नोक पर लूटगट करने वाले बदमाश को आसपास के लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। कोतवाली पुलिरा उरो थाना में लाकर रखा। आरोपी के भागते ही पुलिरा महकमे में हड़कंप मच गया। गंजपारा दुर्ग निवासी आरोपी राज सोनी ने मोती कॉम्प्लेक्स स्थित ज़ेवरात के दुकान संचालक ताराचंद कोशरिया को चाकू दिखाकर सोने की चेन लुट कर भाग रहा था।

## मतदान निपटने के बाद कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशियों ने माना कार्यकर्ताओं का आभार

# फुर्सत में विजय और राजेंद्र ने परिवार के साथ साझा किये खट्टे मिठे अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

एक तो निरंतर चढ़ते पारे की तपिश से तपता पचासों किलोमीटर तक फैला चुनावी क्षेत्र, ऊपर से सियासी गरमाहट की सरगरमी के महौल में महीनेभर की चुनावी मशीनी व्यस्तता। अलसुबह से देर रात तक क्या खा रहे क्या पी रहे से बेसुध मछली की आंख पर धर्नुधर अर्जुन के तीर के लक्ष्य की तरह भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों का महामुकाबले में सिर्फ एक ही टार्गेट बंफर जीत का। दुर्ग लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल और कांग्रेस उम्मीदवार राजेंद्र साहू आज जब महीनेभर से अधिक के चुनावी समर की थकान से फारिग हुए तो सुकून और रिलेक्सन से उन्हें यूं लगा मानो एक मुद्दत बाद अपने घर परिवार और मित्रों के बीच लौटे हों। राजनीतिक कश्मकश और चुनावी जद्दोजहद से छुटकारा मिलते ही दोनों नेताओं के फुरसत के लम्हे कार्यकर्ताओं की कृतज्ञता,जीत के गणित, नतीजे की बेताबी के साथ परिवार के साथ पसंदीदा खाना और राजनीतिक मित्रों के सुख दुख के कार्यक्रमों में गुजरे। अपनी अपनी जीत के प्रति आश्वस्ति का दोनों के चेहरे पर गहरा झलकता आत्मविश्वास दिखा।

दुर्ग संसदीय क्षेत्र का चुनाव संपन्न होने के बाद कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों का पहला दिन थकान और तनाव से परे हंसी मजाक और जरुरी कार्य निपटाते हुए बीता। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू का अपने दुर्ग स्थित घर और भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल का सेक्टर पांच निवास पर चुनावी रुटीन से हटकर दिन बीता। दोनों ने परिवार के साथ फुरसत में आराम से खाते पीते हुए कुछ घंटे गुजारे फिर पेंडिंग घरेलू काम के टिप्स दिए बाद घर के बाहर गांवों में सुख दुख के कार्यक्रमों में शामिल हुए। चुनाव कार्यक्रम के दौरान पहली बार आज उन्हें सुबह चाय की चुश्कियों और नाश्ते के टेस्ट में जीवनसंगिगनी की पाक कला का कमाल दिखा तो बच्चों के धमाल से भी रुबरु हुए।

### सुख-दुख के कार्यक्रमों में हुए शामिल



### विजय बघेल एक्टिवा से पहुंचे सेलून



विजय बघेल को नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कमल का फूल भेंटकर दी शुभकामनाएं।

चुनाव से फ्री होने के बाद बुधवार को सांसद और भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल थोड़ी देर से जागे। पत्नी जीवनसंगिनी रजनी बघेल ने जब सुबह 6 बजे कड़ी टाइप की चाय का प्याला थमाया तो हैरत से पूछ बैठे चाय में अदरक है डाली है इलाइची..। ऐसा महीनेभर में पहली बार हुआ। बच्चों और रिश्तेदारों का हालचाल या कब कहां जाना है भी पूछा। इसके बाद एक्टिवा से सेलून पहुंचे। न स्नान आदि से फ्री होने के बाद मंदिर दर्शन बाद बैठक में सुबह से जमे उत्साहित कार्यकर्ताओं के साथ खट्टे मीठे चुनावी अनुभवों को साझा किया, जीत का गणित भी लगाया। दाल भात रोटी और भाजी के भोजन बाद तिरगा गांव में जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन की भाभी के निधन पर तिरगा गांव में गमी के कार्यक्रम और रेवे गांव में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल से मिलने पहुंचे। देर शाम घर लौटे बघेल फिर कुछ रिश्तेदारों की कुशलक्षेम पूछी। अपनी जीत के प्रति मुतमईन श्री बघेल ने बताया कि मोदी की गारंटी और खुद अपनी सुख दुख की सक्रियता से जीत तय है। कार्यकर्ताओं ने दिन रात मेहनत की। हम सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में जीतेंगे। अधिक वोटिंग भाजपा के पक्ष में है। मेरी जीत के साथ केंद्र में मोदी सरकार की हेट्रिक होगी।

### बड़े भाई के बर्थडे में राजेंद्र



आज कांग्रेस के उम्मीदवार राजेन्द्र साहू की भी आंखें देर से खुली। आज न कोई चुनावी दौरा था न भाषण, सो फुरसत से परिवार के साथ चाय की ताजगी के साथ परिजनों से रिश्तेदारी में शादी ब्याह और खेती किसानी का हाल जाना। चटपटे नाश्ते के बाद वे दुर्ग शहर व ग्रामीण, भिलाई तथा साजा अहिवारा बेमेतरा वैशाली नगर पाटन एवं नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मिले अऔर जीत के समीकरण पर बतियताते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने बड़े भाई के जन्म दिन पर बधाई दी और मिठाई भी खाई। बाद शहर में अपने दोस्तों से मिले और महापौर चुनाव बाद इस सांसदी चुनाव के तर्जुबों को बांटा। शाम 7 बजे पूर्व सीएम भूपेश बघेल व प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों से मिलने रायपुर रवाना हुए। राजेंद्र साहू ने बताया कि मेरी जीत पक्की है और केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। मैने टिकिट मिलने के बाद से ही अपने क्षेत्र का दौरा प्रारम्भ कर दिया था 50 प्रचार दौरा किया। जीत में अथक मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका होगी।

# ठेका श्रमिक लाल बहादुर के परिवार को मिला मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



- प्रशासन की मध्यस्थता में सुलझा विवाद
- आज होगा मृत मजदूर का अंतिम संस्कार

निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत ठेका मजदूर लाल बहादुर सिंह के मुआवजा के विवाद का समाधान बुधवार को हो गया। सभी पक्षों की मौजदूगी में हुई समझौता बैठक में ठेका एंजेंसी द्वारा मृतक मजदूर के परिवार को मुआवजा राशि का चेक दिया गया। मृतक का अंतिम संस्कार कल किया जाएगा।

भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 अस्पताल के पंप हाउस में ठेका श्रमिक लाल बहादुर सिंह की 6 मई को दुर्घटना में लाल बहादुर सिंह की मृत्यु हो गई थी। परिवार वाले बीएसपी में नौकरी और ठेकेदार से मुआवजा की मांग कर रहे थे। बुधवार को परिवार वालों ने प्रबंधन के समक्ष बीएसपी में अनुकंपा नियुक्ति की मांग रखी। लेकिन भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने उनका गेट पास, एसएमएस -2 और कार्य क्षेत्र एसएमएस -2 होने के कारण नियमों के मुताबिक अनुकंपा नियुक्ति के नियम में नहीं आने के कारण उन्हें अनुकंपा नियुक्ति का ऑफर लेटर नहीं दिया जा सका। इससे परिजन और प्रबंधन के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। कोई समाधान नहीं होने के कारण प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद भिलाई नगर थाना के सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी की मध्यस्थता में कोतवाली कंट्रोल रूम में पुलिस प्रशासन ,ठेकेदार ,यूनियन एवं परिजन और प्रबंधन के बीच बैठक हुई।

### परिवार को मिला मुआवजा

बैठक में ठेका कंपनी पाल इंजीनियरिंग द्वारा ठेका श्रमिक के परिजन को सहायता राशि के रूप में तीन लाख रूपए और बच्चों को पढ़ाई के लिए चार लाख अस्सी हजार रुपये और अंतिम क्रिया के लिए एक लाख बीस हजार रुपए, कुल नौ लाख रुपए सहयोग राशि के रूप में दिया गया। मृत मजदूर का अंतिम संस्कार कल किया जाएगा। समझौता बैठक में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध एवं ठेका प्रकोष्ठ जेएन ठाकुर, उप महाप्रबंधक विकास चंद्र, प्रबंधक निमेश विजयन और स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की ओर से संजय कुमार साहू ,सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह, मनोहर लाल, आर दिनेश, गुरुदेव साहू जसबीर सिंह उपस्थित थे।




# ट्विनसिटी में आज फिर हो सकती है बारिश, लोगों को गर्मी से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



ट्विनसिटी में भी चार दिनों तक भिलाई-दुर्ग में गरज चमक के साथ बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पूर्वी पस्चिमी यूपी में बंगाल और बारिश के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अंदेशा है। 8, 9,10 मई को पूर्वी और पश्चिमी यूपी में बारिश का दौर जारी रहेगा। इस कारण शहर में भी बढते गर्मी के बाद लोगों को राहत भरी खबर यह है कि चार दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्र समेत आसपास के एरिया में बारिश गिरने वाली है। आने वाले दो दिनों में तपती गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। आने वाले दिनों में भिलाई-दुर्ग समेत ग्रामीण क्षेत्रों में व दुर्ग संभाग के कई जिलों में बारिश के आसार है। रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा और दोपहर की तपिश काफी ज्यादा रही। हालांकि दोपहर बाद मौसम का मिजाज थोड़ा बदला और कुछ क्षेत्रों में बदली भी छाई।

## हरिभूमि ने रिकेश, ललित और गजेंद्र से जाना लोकसभा चुनाव का हाल

# भाजपा विधायकों ने किया विजय की प्रचण्ड मतों से जीत का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग लोकसभा का मतदान संपन्न होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग ग्रामीण के ललित चंद्राकर और दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव ने भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के ऐतिहासिक मतों से जीत का दावा किया है।

तीनों भाजपा विधायकों का दावा है कि दुर्ग संसदीय क्षेत्र की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व को फिर से चुनने जा रही है और भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल की मिलनसारिता ने भाजपा के पक्ष में वातावरण बनाने कार्यकर्ता कामयाब हुए।

### एक लाख की मिलेगी लीड



वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि मतदान के बाद अब ये तय हो चुका है कि दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी व वर्तमान सांसद विजय बघेल जीत का पिछला रिकार्ड तोडेंगे। सेन ने दावा कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने भी भाजपा को पूरा आशीर्वाद दिया है। वैशाली नगर से उन्होने एक लाख वोटों से बढत मिलने का दावा किया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि चुनाव प्रचार अभियान के दौरान वैशाली नगर विधानसभा सहित दुर्ग लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और सांसद के रूप में विजय बघेल को चुनने आंधी चल रही थी। उन्होने कहा कि महिला मतदाताओं में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के महतारी वंदन का जबरदस्त क्रेज रहा, यही वजह है कि पुरूष मतदाताओं के अलावा महिला मतदाताओं ने भी मतदान को लेकर जबरदस्त रूझान रहा। रिकेश ने बताया कि मतदान के दौरान उन्होने वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों का दौरा कर अपने कार्यकर्ताओं से मिलकर फिडबैक लिया है। उससे साफ है कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से लीड का एक नया कीर्तिमान बनने जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल वैशाली नगर से एक लाख वोटों से बढत लेंगे और दुर्ग संसदीय क्षेत्र में 2019 की लोकसभा का रिकार्ड तोडकर विशाल अंतर से विजयी होंगे।

### जीत का बनेगा नया कीर्तिमान



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान एक बात स्पष्ट हो गई कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने आतुर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को भी दुर्ग संसदीय क्षेत्र की जनता ने अपना आशीर्वाद दिया है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में एकतरफा वातावरण रहा व मतदान के दौरान साथ देखने को भी मिला। ललित ने दावा किया कि जीत के पिछले सारे रिकार्ड ध्वस्त होंगे और नया कीर्तिमान बनेगा।

### विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में भारत को देखना चाहते हैं मतदाता



दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने भी भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के प्रचण्ड मतों से जीत का दावा करते हुए कहा कि दुर्ग संसदीय क्षेत्र की जनता भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में देखना चाहती है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व को चुनने दुर्ग विधानसभा के मतदाताओं ने मतदान में विशेष रूचि दिखाई और भीषण गर्मी को दरकिनार करते हुए अपना मतदान किया है। गजेंद्र ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व विजय बघेल को देने मतदाताओं ने अपना पूरा आशीर्वाद भाजपा को दिया है। गजेंद्र ने भी भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के प्रचण्ड जीत का दावा किया है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 9 मई 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04

फिक्र ग्लोबल वार्मिंग की

## लाइव इवेंट

### गैर संकार्य विभाग के कार्मिक कर्म शिरोमणि से सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में जनवरी एवं फरवरी 2024 के लिए वित्त एवं लेखा विभाग से वरिष्ठ स्टाफ सहायक संजय नन्दुरकर, सामग्री प्रबंधन से वरिष्ठ स्टोर कीपर सुरेश और रमाशंकर सिंह, नगर सेवाएं विभाग से चार्जमैन कम वरिष्ठ तकनीशियन सहदेव प्रसाद बंजारे, स्टोर कीपर श्री धासी राम तथा चार्जमैन कम वरिष्ठ तकनीशियन विजय कुमार मानकर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य महाप्रबंधक डीएन करन तथा मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर द्वारा कर्मचारियों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस पुरस्कार योजना के तहत पुरस्कृत कार्मिकों को सम्मान स्वरूप प्रबंधन द्वारा उत्कृष्टता प्रमाण–पत्र, स्मृति चिन्ह, कार्मिक की पत्नी के लिए प्रषंसा पत्र, मिठाई पैकेट प्रदान किया जाता है। साथ ही पुरस्कार विजेता की तस्वीर उनके विभाग के नोटिस बोर्ड में प्रदर्षित की जाती है। कार्यक्रम में जीएम प्रभारी एनआर शेनॉय, महाप्रबंधक प्रभारी वीके शर्मा, जीएम केके यादव, उप महाप्रबंधक गोविन्दन राजेश, सहायक महाप्रबंधक रितेश जैन, सहायक महाप्रबंधक नरेन्द्र इंगले आदि मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### 11 राज्यों के एक हजार गायक रवींद्र संगीत की प्रस्तुति देंगे



**भिलाई।** कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रवींद्र सुधा भिलाई द्वारा हजार कंठ सम्मेलन रवींद्र संगीत कार्यक्रम का आयोजन 12 मई को सुबह 10 बजे 12 बजे तक कलामंदिर, सिविक सेंटर में किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ सहित भारत के 11 राज्य के गायक भाग लेंगे । 11 राज्यों के 1100 स्वर रवींद्र संगीत की प्रस्तुति देंगे। मुख्य अतिथि भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता होंगी। अध्यक्षता बीएसपी के एक्स ईडी बिस्वास करेंगे। रवींद्र सुधा भिलाई के अध्यक्ष राजदीप सेन ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने कई दिनों से रिहर्सल का दौर जारी है। कला मंदिर में दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर के 100 से ज्यादा कलाकार रवींद्र संगीत प्रस्तुत करेंगे। भारत के उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम चारों दिशाओं के ग्यारह राज्यों में शत कंठ सम्मेलक रवींद्र संगीत के माध्यम से एक हजार से भी कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संगीत निर्देशन कोलकाता के अरुंधती देब का है।

#### आयोजन में शामिल होने वाले राज्य

छत्तीसगढ़ (भिलाई), नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल (कोलकाता), मध्य प्रदेश (भोपाल), महाराष्ट्र (नवी मुंबई), झारखंड (बोकारो), ओडिशा (राउरकेला), कर्नाटक (बैंगलोर), तेलंगाना (हैदराबाद), तमिलनाडु (चेन्नई), असम (सिलचर)

#### एक साथ 20 गाने

संस्था की सांस्कृतिक सचिव मऊ रे ने बताया कि कला मंदिर में होने वाले इस कार्यक्रम में एक साथ 20 गानों की श्रृंख्ला पेश की जाएगी।इस दौरान सभी राज्यों के कलाकार इंटरनेट के वेब कॉस्ट के माध्यम से एक साथ जुडेंगे। और इसका सीधा प्रसारण देख सकेंगे। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम को देखने संगीत प्रेमी निःशुल्क प्रवेश ले सकते हैं। इस कार्यक्रम संस्था गीतिमाल्या की ओऱ् से रखा गया है और इसकी रूपरेखा एवं संगीत निर्देशन कोलकाता की अरुंधती देब का है। है। यह पूरे गीत एक ही ट्रैक पर चलेंगे औऱ् इस ट्रैक को सभी संस्थाओं को पहले से ही भेज दिया गया है ताकि वे सभी लगातार इस पर प्रैक्टिस कर सकें।

#### कई हिन्दीभाषी गायक

भिलाई की टीम में इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले कालाकारों में कई गायक हिन्दीभाषी है जो बंगाली गीतों को गा रहे हैं। वही कई ऐसे गायक है जिनकी उम्र 60 के उपर है औऱ् रिटायरमेंट की उम्र में अपना हुनर दिखा रहे हैं।

#### फाइनल रिहर्सल 11 को

संस्था के सदस्यों ने बताया कि गाने की फाइनल प्रैक्टिस शनिवार को की जाएगी। वही मंच को भी विशेष तरीके से सजाया जाएगा। ताकि इसमें शांति निकेतन का लुक नजर आए।




● मनोचिकित्सकों ने कहा कि बच्चे डिप्रेशन या निराशा का शिकार न हो, माता-पिता रखें ख्याल

# दसवीं- बारहवीं का रिजल्ट खराब आए तो भी कामयाबी के हैं दूसरे रास्ते, आत्मविश्वास जरूरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कक्षा 10वीं और 12वीं के परिणामों की घोषणा 9 मई को करेगा। इसमें बहुत से छात्र ऐसे होंगे, जिनका रिजल्ट उनके उम्मीद के अनुरूप नहीं होगा। यानी ऐसे छात्र अपने परिणाम के कारण डिप्रेशन और निराशा का शिकार बन जाते हैं। वास्तव में छात्र अपनी उम्मीदों से ज्यादा अपने माता-पिता की उम्मीदों के बोझ के कारण ज्यादा तनाव में आ जाते हैं। परीक्षा का रिजल्ट आने से पहले ही अच्छे रिजल्ट और आगे क्या करना है, इसकी बात हो जाती है। रिजल्ट अच्छा आया तो क्या करना है। बहुत कम माता-पिता अपने बच्चों को इस बात के लिये तैयार करते हैं कि अगर रिजल्ट खराब भी हो गया तो कामयाबी के दूसरे रास्ते हैं।

### रिजल्ट को लेकर न बनाएं पालक दबाव



साइकोलॉजी प्रोफेसर डॉ. उषा किरण अग्रवाल बताती हैं कि रिजल्ट से पहले खुद बच्चा और उनके माता-पिता आश्वस्त रहें। बच्चों पर रजिल्ट को लेकर माता-पिता ज्यादा दबाव बनाते हैं इसलिए बच्चे भी आ जाते हैं। माता-पिता का सपोर्ट 100 प्रतिशत जरूरी होता है। रजिल्ट ही सब कुछ नहीं है और न ही यह अंतिम है। हमने देखा है कि कई मीडियम बच्चे आगे चलकर बेहतर एचीवमेंट कर लेते हैं। हर विद्यार्थी की एक क्षमता होती है और उसी के हिसाब से वह मेहनत करता है। परीक्षा भी वह देता है और रिजल्ट भी वैसा ही आता है। दसवी-बारहवीं एक माइलस्टोन जरूर होता है और यह जीवन का रूपातंर करता है। आगे की दिशा भी इससे तय होती है। बच्चे के माता-पिता पारिवारिक तौर पर सपोर्ट दे जिससे उन्हे मदद मिले। पालक बच्चों को यह बताएं कि रिजल्ट कोई हव्वा नहीं है। आपने प्रयास कयिा, नहीं हो सका तो कोई बात नहीं। उन्होंने कहा कि माता-पति को अपने बच्चों को सपोर्ट करना चाहयि, चाहे उनका रजिल्ट जो भी आए। आज हर जगह एंट्रेंस एग्जाम से दाखलि हो रहे हैं। ऐसे में आपके नंबर्स बहुत ज्यादा मायने नहीं रखते।

### खुद पर रखें छात्र यकीन



डॉ. प्रमोद गुप्ता बताते हैं कि कि छात्र खुद पर यकीन रखें. जीवन की यह शुरुआत है। जीवन का बहुत छोटा सा हस्सिा है 10वीं और 12वीं का रजिल्ट, इससे जीवन की सफलता का पैमाना तय नहीं होता। अभी वास्तवकि जीवन में बहुत सी परीक्षाएं होंगी उसमें आपको सफल होना ज्यादा जरूरी होगा। यह अंतिम रिजल्ट नहीं होता। जितने भी इंसान सफल रहे हैं जरूरी नहीं है कि उनका रिजल्ट अच्छा रहा हो। डॉ. गुप्ता कहते हैं कि जो छात्र पहले से डिप्रेशन में हैं, उनका खास ध्यान रखें। क्योंकि ऐसे छात्रों में सोसाइडल सोच जल्दी आते हैं। ऐसे में अगर आपके बच्चे ने खाना छोड़ दयिा है और उसे बात-बात पर गुस्सा आता है तो माता-पति को थोड़ा सचेत रहना चाहयि। ऐसे बच्चों के साथ माता-पति को बहुत समझदारी से पेश आना चाहयि और जरूरत पड़े तो कसिी एक्सपर्ट से भी मुलाकात करनी चाहिये।

### अन्वेषण करना चाहिए विद्यार्थियों को



डॉ. एसके शर्मा का कहना है कि विद्यार्थी अन्वेषण करें कि आप वास्तव में किसमें अच्छे हैं और इसे आज़माएँ। बदलाव के लिए अपना दिमाग खोलें । चिकित्सकों का मानना है कि एक छात्र एक ही चीज़ पर अटका नहीं रह सकता। जब आप केवल 15 से 17 वर्ष के होते हैं, तो संभावना है कि आपकी पसंद ज्यादातर माता-पिता द्वारा तय की जाती है या सहकर्मी-दबाव से प्रेरित होती है। समझें कि वे बदल सकते हैं। जीवन बुरे परिणामों के साथ समाप्त नहीं होता है। आपको अपने प्रति बहुत अधिक कठोर होने की आवश्यकता नहीं है। चिंता और दबाव का यह दौर जल्द ही बीत जाएगा। चिकित्सकों के मुताबिक जब आप गंभीर मानसिकता में हों तो यह कहना आसान है लेकिन करना आसान नहीं है, लेकिन प्रयास करें। अगले पांच वर्षों में अपने जीवन को देखें। यदि आपकी 10वीं कक्षा कम है, तो यह चिंता का एक बहुत छोटा कारण है क्योंकि आपके पास बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए अभी भी दो साल हैं। विश्लेषण करें कि आपसे कहां गलती हुई और अपने दोस्तों, परिवार, पढ़ाई के माहौल या किसी अन्य कारक को दोष न दें। यदि आपकी इच्छा दृढ़ है तो वे सभी महत्वहीन हैं। हालाँकि, यदि आपके 12वीं के अंक अच्छे नहीं हैं, तो मौजूदा स्थिति से परे देखें, जितिन कहते हैं। अनगिनत ग्रहों, दस लाख तारों, असंख्य आकाशगंगाओं, असंख्य लोगों और अनंत हर चीज के पूरे ब्रह्मांड में, आप दो अंकों की संख्या के बारे में चिंतित नहीं हो सकते। इससे छुटकारा मिले।

### कॉलेजों में दाखिले की चिंता तनावपूर्ण

हाल ही में कई राज्यों में कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा के साथ, एक छात्र के जीवन में बहुत उथल-पुथल मच गई है। परीक्षा के बाद की मौज-मस्ती एक शीर्ष कॉलेज में प्रवेश और दाखिले की चिंता में तनावपूर्ण दिन और रात में बदल जाती है। वास्तव में, 2012 की लैंसेट रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं में आत्महत्या की दर दुनिया में सबसे अधिक है। इसका मतलब है कि, भारत में हर घंटे एक छात्र आत्महत्या करता है। छात्र आत्महत्याओं को रोकने के लिए , ग्रेड जैसी महत्वहीन चीज़ के लिए खुद को मारने के कृत्य के पीछे की मानसिकता को समझने की आवश्यकता है।

### निराशाओं से निपटने के लिए समय चाहिए

चिकित्सक कहते हैं कि निराशाओं से निपटने के लिए हर किसी को समय चाहिए। कि आप किस चीज़ से निराश हैं और उस पर काम करने का प्रयास करें। यदि यह आपका अपना प्रदर्शन है, तो अपने आप को एक और वर्ष दें। सत्तर साल की पूरी जिंदगी में एक साल कोई बड़ी बात नहीं है। इसके लिए संवाद करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के कारण निराश और दोषी महसूस कर रहे हैं, तो कभी भी अपनी भावनाओं को दबाएं नहीं। वे आपके शरीर के बाहर बेहतर हैं। किसी ऐसे व्यक्ति से बात करें जिस पर आप भरोसा करते हैं," वह कहते हैं।

### शिक्षक व माता-पिता से लें हेल्प

डॉक्टर कहते हैं कि यदि आपको नहीं लगता कि कोई समझेगा, तो विश्वास करें, कम से कम एक व्यक्ति तो समझेगा। यह आपका शिक्षक, माता-पिता, भाई-बहन या मित्र हो सकता है। यदि आपको अभी भी किसी को खोलने के बारे में संदेह है, तो हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें। पढ़ें और शोध करें यह, शायद, पहला और सबसे महत्वपूर्ण बिंदु होना चाहिए था - अपना होमवर्क करें। विकल्प बहुत हैं, बस आपको सही शोध की जरूरत है। यदि आपके सपनों का कॉलेज या आपकी पसंदीदा स्ट्रीम को उच्च स्कोर की आवश्यकता है, तो अपने विकल्पों पर पुनर्विचार करें। करियर परामर्शदाताओं के पास जाएं, कौशल-आधारित पाठ्यक्रम लें ।

# सिंटर प्लांट के सूर्य नमस्कार पार्क में तनावमुक्त होंते हैं कर्मचारी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एसपी -3 और सिंटर मैक 2 क्षेत्र में स्थित सूर्य नमस्कार पार्क औद्योगिक माहौल में तनावमुक्त होने एक शांतिपूर्ण स्थल है। यहां अधिकारी और कर्मचारी सूर्य नमस्कार करने इकट्ठे होते हैं।

सूर्य नमस्कार, बारह योग मुद्राओं की एक श्रृंखला है जो क्रमिक क्रम में की जाती है। सूर्य नमस्कार को एक स्ट्रेस मैनेजमेंट टूल के रूप में देखा जाता है। कंपनियां स्वस्थ और अधिक संतुलित कार्य एवं जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए योग जैसी वैकल्पिक अभ्यासों की ओर तेजी से रुख कर रही है । सूर्य नमस्कार पार्क का निर्माण की परिकल्पना का कार्य मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता और महाप्रबंधक एमआर के शरीफ के मार्गदर्शन में हाउसकीपिंग अभियान के दौरान की गई । इसके लिए प्रबंधकों की टीम इसके लिए मेहनत की। टीम में उप महाप्रबंधक एमयू राव, सहायक महाप्रबंधक आरके रणदिवे, प्रबंधक दिनेश मानिकपुरी,अनूप कुमार दत्ता शामिल हैं।





### स्वस्थ जीवन शैली

सूर्य नमस्कार पार्क का शांत वातावरण औद्योगिक शोरगुल में योग की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतीक है। इससे सभी कर्मचारी, जो सूर्य की ऊर्जा से शक्ति और प्रेरणा प्राप्त करते हैं। इस्पात उत्पादन और औद्योगिक हलचल के बीच, सूर्य नमस्कार आशा और नवीकरण की किरण के रूप में चमकता है। एक स्वस्थ, अधिक सामंजस्यपूर्ण कार्य–जीवन शैली का मार्ग प्रशस्त करता है।

### अभिव्यक्ति श्रृंखला में पलक का चयन



**भिलाई।** शकुंतला विद्यालय की छात्रा पलक ठाकुर कक्षा 8 को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए सीबीएसई द्वारा आयोजित 'आपदा जोखिम लचीलापन और न्यूनीकरण : नागरिक की भूमिका' विषय पर तीसरी अभिव्यक्ति श्रृंखला जो 1 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित की गयी थी जिसमें चुना गया है। यह गर्व की बात है कि वह छत्तीसगढ़ से चयनित होने वाली एकमात्र छात्रा है। इस अवसर पर शकुंतला ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा, विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार शकुंतला विद्यालय, मेनेजर ममता ओझा शारदा विद्यालय रिसाली सेक्टर एवं अन्य इंचार्ज ने भी विद्यार्थी को बधाई दी।

सर्व ब्राम्हण समाज और परशुराम सेवा समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# परशुराम चौक खुर्सीपार में स्थापित होगी भगवान परशुराम की मूर्ति

कॉर्नर न्यूज





**भिलाई।** दुर्ग भिलाई के सर्व ब्राम्हण समाज व भगवान परशुराम सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को मंगल वाटिका रुंगटा कॉलेज रोड़ में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि खुर्सीपार केनाल रोड़ पर भगवान परशुराम की विशालकाय प्रतिमा स्थापित की जाएगी और भगवान के जन्म उत्सव को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। बैठक में समाज के प्रमुख लोगों ने अपनी राय भी रखी।

बुधवार को भिलाई दुर्ग के सर्व ब्राम्हण समाज की आवश्यक बैठक आगामी परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम की रूप रेखा तय करने के लिए तथा भगवान परशुराम जी की विशालकाय प्रतिमा स्थापित करने को लेकर मंगल वाटिका ब्राम्हण मित्र मण्डल कोहका कुरूद रोड पर रखी गई थी जिसमे भिलाई दुर्ग के वरिष्ठ सामाजिक लोग एकजुट हुए। बैठक में ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी राम मिलन दुबे, प्रभुनाथ मिश्रा, युके. दीक्षित, विजय कुमार शर्मा, मधुसुदन शर्मा, राम उपकर तिवारी, संतक शर्मा ने सभी का मार्गदर्शन किया। राम मिलन दुबे ने कहा की हम सभी ब्राम्हण समाज एक है हमें आगे समाज के कमजोर वर्ग के लोग के लिए सार्थक पहल करना है । प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि ब्राम्हण समाज के सभी कार्यक्रम को सभी के सहयोग से किया जायेगा। परशुराम मार्ग का निर्माण ब्राम्हण समाज के गौरव पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय द्वारा सहयोग दिया गया है।

विजय शर्मा अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की हम अलग - अलग राज्य से हो सकते है पर ब्राम्हण समाज एक है इसमें कोई दो राहें नहीं है। ब्राम्हण चाहे राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार या किसी अन्य प्रदेश का क्यों न हो ब्राम्हण कोई अलग नही है। इस बैठक में ये संकल्प लिया जायेगा उसके साथ सारा समाज खड़ा रहेगा।

मधुसदन शर्मा ने भी इस बात पर जोर दिया कि अलग- अलग राज्यों के ब्राम्हण बंधुओ को एक ही माना जाये उनमे कोई अंतर नहीं समझना चाहिए । इसके लिए सभी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो । बैठक के संयोजक पार्षद पीयूष मिश्रा ने आभार प्रदर्शन और बैठक का संचालन गोकुलेश तिवारी ने किया।

सर्व ब्राम्हण समाज की बैठक में राम मिलन दुबे, प्रभुनाथ मिश्रा, यु.के. दिक्षित, विजय कुमार शर्मा, शिवराज शुक्ला, डॉ. दीप चटर्जी , मधुसुदन शर्मा, सत्येन्द्र शर्मा, पंडित आत्मानंद पाण्डेय, शिवदत्र त्रिपाठी, राम उपकर तिवारी, प्रवीण पाण्डेय शिवसागर मिश्रा, सुभाष पाण्डेय, राम लखन मिश्रा, विजय शुक्ला, अजय उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## रूंगटा आर-1 कॉलेज में हुई भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिता




**भिलाई।** विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को मंच देने रूंगटा आर-1 के आरएसडीसी क्लब ने बुधवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं कराईं। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विकसित भारत निर्माण में युवाओं की भागीदारी विषय पर अपनी राय रखी। युवाओं ने लिखा कि विकासशील से विकसित भारत की दिशा में बढने के लिए सभी का योगदान जरूरी है। इसमें सबसे मजबूत कड़ी युवा वर्ग है, जो सामाजिक बदलाव जा सकता है। इससे आर्थिक समृद्धि भी आएगी। इसमें यश्विनी चौबे, शिवम यादव और ऋतु वर्मा विजेता बने। अंग्रेजी भाषा में वक्तव्य की कला विकसित करने के लिए कार्पोडियम आर एस डी सी की एलोक्युशन प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें हर्षित राज, रोहन राज, ज्योत्सना भारती को श्रेष्ठ अंग्रेजी वक्ता का खिताब दिया गया। स्पोर्ट्स इवेंट रणविजय में कैरम की चौपाल लगी, जिसमें मनीष कुमार और पायल देवांगन विजेता बने। रंगमंच क्लब ने गायन स्पर्धा कराई, जिसमें गुरजीत कौर, दिलेश्वर जंघेल और आदित्य राज पांडेय विजेता बने। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि इसके जरिए छात्रों की स्किल उभरने में भी बड़ी मदद मिल रही है। कम्युनिकेशन से लेकर स्टेज स्किल डेवलप हो रही है। इन प्रतियोगिताओं को कराने में डॉ. एस भारती, डॉ. रेजो रॉय, डॉ. आभा सिन्हा, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. शुभ्रा शर्मा, डॉ. सी. रमेश कुमार आदि का योगदान रहा।

- विद्यार्थियों ने विकसित भारत निर्माण में युवाओं की भागीदारी विषय पर अपनी राय रखी

● शिक्षा और चिकित्सा में सहयोग कर रहा दुर्ग का गौतम लब्धि फाउंडेशन

# गरीब तबके को मजबूत करने जैन समाज निभा रहा सामाजिक भागीदारी

**दुर्ग।** आज से 2 वर्ष पूर्व गौतम लब्धि फाउंडेशन की अभिनव योजना दुर्ग में जरूरतमंद जैन स्वधर्मियो के लिए प्रारंभ हुई थी। जिसका लाभ शहर के जरूरतमंद जैन परिवार के सदस्यों को मिल रहा है। इस राशि से गरीब तबके की आर्थिक मदद किए जाने के लिए समाज की मुहिम रंग ला रही है। यही कारण है कि, लगातार इस मुहिम से सामाजिकगण जुड रहे है। दुर्ग के जैन परिवारों के मध्य वितरित किए गए गौतम लब्धि कलश की राशि का समर्पण 12 मई रविवाराशि जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब दुर्ग में रखा गया है। जिन जैन परिवारों को यह कलश दिए गए हैं। उन सभी परिवारों से आग्रह है कि, वह अपने कलश की राशि रविवार को कलश खाली कर समर्पित करें। जिससे अधिक से अधिक जैन परिवारों को स्वास्थ्य शिक्षा चिकित्सा में अधिक से अधिक लाभ मिल सके। अब तक चार लाख रुपए तक की राशि जैन स्वधर्मी सहायता में दी जा चुकी है। उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि जी महाराज की प्रेरणा से प्रारंभ इस योजना में दुर्ग शहर के जैन परिवार के घरों में गौतम लब्धि कलश वितरित किए गए थे। इस कलश में संग्रहित राशि का वितरण चेक द्वारा जरूरतमंद जैन परिवारों को प्रदान किया जाएगा।



### शिक्षा और स्वधर्मी कार्यों में सहायता


जैन समाज के सामाजिक उत्थान के लिए दुर्ग शहर में यह योजना शिक्षा चिकित्सा एवं स्वधर्मी सहायता में इस राशि का उपयोग किया जा रहा है। जिसके लिए इच्छुक व्यक्ति गौतम लब्धि फाउंडेशन में आवेदन कर सकता है। आवेदन करने वाले का नाम पूर्णतः गुप्त रखा जाएगा। इस योजना में समाज का कमजोर तपका कोई वंचित न हो इसका विशेष प्रयास होगा।

### भागीदारी के लिए अभियान हो रहा प्रचारित

व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से इसे प्रचारित किया जा रहा है। गौतम लब्धि फाउंडेशन के सदस्यों ने आग्रह किया है। जिन जिन परिवारों में गौतम लब्धि कलश वितरित किए गए हैं, उस कलश में अधिक से अधिक दान की राशि संग्रहित करने का आह्वान संस्था के सदस्यों ने किया है। संस्था के संयोजक सुरेश श्री श्रीमाल निर्मल बाफना रवि गुणधर आशीष बोहरा जम्बू भंडारी ने जैन समाज के लोगों से गौतम लब्धि कलश में अधिक से अधिक राशि का दान कर स्वधर्मी सहायता में सहयोग करने का आवाहन किया है।

सिटी लाइव

## पीएचडी की उपाधि के लिए हुई मौखिक परीक्षा






**भिलाई।** बीते दिनों हेमचंद विश्वविद्यालय के टैगोर हॉल में नसीम बानो सहायक प्राध्यापक शिक्षा छत्तीसगढ़ वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय सेक्टर 6 भिलाई का पीएचडी मौखिक परीक्षा वायवा संपन्न हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा एवं समस्त सम्माननीय अधिकारी, शोध निर्देशक डॉ. सुमिता सिंह, सह शोध निर्देशक डॉ. अनीता श्रीवास्तव बाह्य परिक्षक के रूप में नागपुर के प्रोफेसर डॉ. देशपांडे उपस्थित थे। उनके शोध का विषय 'उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की अधिगम शैली एवं शैक्षिक चिंता का शैक्षिक शिथिलता पर प्रभाव का अध्ययन' था इस उपलब्धि के लिए अपने पति मोहम्मद यासीन, पुत्री रिफत यासीन, पुत्र मोहम्मद अनस यासीन एवं शोध केंद्र कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को हृदय से धन्यवाद दी है।

आर्य समाज सेक्टर 6 में होंगे शुभ विवाह

## विवाह संस्कार पवित्र व मर्यादित संस्कार है जो मर्यादाओं के साथ जीना सिखाता हैः डॉ. अजय



**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 भिलाई में अक्षय तृतीया के शुभ विवाह को संपन्न करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जानकारी देते हुए आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग ने बताया कि आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई संपूर्ण वैदिक विधि विधान एवं रीति-रिवाज का अनुपालन कराते हुए विवाह की विधि संपन्न कराता है।

आचार्य अंकित शास्त्री ने कहा कि भारतीय हिंदू समाज में अक्षय तृतीया विवाह के लिए अत्यंत शुभ मुहूर्त माना जाता है।

मंत्री प्रवीण गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि बहुत सारी आर्य समाज है जो मान्यता प्राप्त नहीं है जहां पर विधि विधान का पालन नहीं किया जाता । ऐसी संस्थाओं से सावधान रहने की आवश्यकता है।इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि विवाह संस्कार अत्यंत पवित्र एवं मर्यादित संस्कार है यह मनुष्य को मर्यादाओं के साथ जीना सिखाता है । पति और पत्नी आदर्श का पालन करते हुए जीने का संकल्प लेते हैं। विवाह संस्कार का मुख्य उद्देश्य है स्वयं को धर्म अर्थ काम और मोक्ष के चार पुरुषार्थ को प्राप्त करने के लिए तैयार करना। वर्तमान समाज में शादी भव्यता का पर्याय बनती जा रही है और लोग एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। विवाह संस्कार के दौरान व्यक्ति को शालीन तरीके से विवाह संस्कार के नियमों और मंत्रों के अर्थ तथा प्रतिज्ञाओं पर ध्यान देना चाहिए । आर्य समाज मानता है कि चारों आश्रमों में विवाह संस्कार अत्यंत महत्वपूर्ण संस्कार है । आजकल विवाह पूर्व प्री वेडिंग शूट भी चल रहा है इसके लिए वर वधु को गौशाला अनाथालय गुरुकुल आदि में जाकर सेवा करते हुए प्री वेडिंग शूट करना चाहिए अगर आप अपने जीवन का शुभारंभ सेवा से करेंगे तो आपके जीवन में मंगल ही मंगल होगा। मनुस्मृति आदि में गृहस्थ आश्रम की महिमा गाई गई है। यह सेवा संस्कार समर्पण एवं परोपकार का आश्रम है ।

### आर्य समाज में विवाह करना किफायती

आर्य समाज के पदाधिकारी ने बताया कि आर्य समाज में विवाह करना किफायती भी है और सुरक्षित भी है । आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई सभी नियमों का अनुपालन करते हुए विवाह करने के पश्चात अधिकृत रूप से प्रमाण पत्र जारी करता है जो विवाह को पंजीकृत करने में सहायक होता है । आर्य समाज में विवाह कराने का खर्च मात्र 5 से 7000 रूपए का आता है ।

## अक्षय तृतीया को 30 जोड़ों का सामूहिक सरल विवाह




**भिलाई।** भारत विकास परिषद नारायणी इकाई एवं अग्रसेन जन कल्याण परिषद द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सामूहिक सरल विवाह का आयोजन कर रही है। जिसमें पूरा रस्म रिवाज अदा की जाती है। इस वर्ष का कार्यक्रम इस प्रकार है जिसमें सभी जोड़ों को हल्दी, मेहंदी और संगीत संध्या और शादी के कपड़े वितरण का मांगलिक कार्यक्रम 9 मई को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में होगा। बारात 10 मई को सुबह 8 बजे से ड्रीम होम स्मृति नगर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से रवाना होकर स्मृति नगर भारत माता चौक से गुरुद्वारा गुरु नानकसर नेहरू नगर जाएगी, वहां से बारात बस से रवाना होकर सेक्टर 6 गायत्री मंदिर, महेश्वरी भवन, गुरुद्वारा सेक्टर 6, जैन भवन, त्रिवेणी मंदिर, आर्य समाज मंदिर होते हुए अग्रसेन भवन सेक्टर 6 विवाह संस्कार के लिए जाएगी जहां पर वरमाला एवं वैदिक रीति से विवाह संपन्न होगा। उसके उपरांत आए हुए बाराती अतिथियों को प्रीति भोज सभी जोड़ों को गृह उपयोग सामग्री वितरण की जाएगी एवं प्रमाण पत्र भी वितरण होगा। विभिन्न समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा आशीर्वाद दिया जाएगा। अग्रवाल समाज, सकल ब्राह्मण समाज, जैन समाज, माहेश्वरी समाज, सिख समाज, साहू समाज, कुर्मी समाज, यादव समाज, निषाद समाज, आर्य समाज, देवांगन समाज, बौद्ध समाज, पंजाबी पंचशील समाज एवं सर्वपंथ समाज के सहयोग एवं सहभागिता से यह शादी संपन्न होगा। इसमें वर वधू के परिवार से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं दिया जाता है बल्कि संस्था के सदस्य गोद लेकर के कन्यादान करते हैं। इस कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोग शामिल हो सकते हैं। यह जानकारी भारत विकास परिषद भिलाई इकाई के अध्यक्ष राजीव रतन गर्ग ने देते हुए बताई कि सर्वप्रथम हम लोग इसका विज्ञापन करते हैं बकायदे सभी पक्षों को बुलाकर हमारी संस्था के लोगों से मिलवाते हैं, जोड़ा बनाने में मदद करते हैं। इसमें छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ के बाहर के भी शादी के जोड़े होते हैं। यह वह प्लेटफार्म है जहां पर लड़की के लिए लड़का, लड़के के लिए लड़की की जानकारी प्राप्त करके आपस में मिलवा करके परिवारों की सहमति से वैवाहिक संबंध करवाया जाता है। सभी लोग आ कर वर वधू को आशीर्वाद दे सकते हैं।

सिटी इवेंट

## आर्यवीर दल की शाखा, युवाओं को पढ़ाया राष्ट्रभक्ति का पाठ



**भिलाई।** आर्य वीर दल की शाखा में सुबह आचार्य अंकित शर्मा ने बौद्धिक सत्र में राष्ट्र के प्रति युवाओं का कर्तव्य को समझाते हुए बताया कि राष्ट्र के प्रमुख चार घटक होते हैं पहले भूमि दूसरा भाषा तीसरा व्यक्ति चौथा संस्कृति और यह चारों को मिला दिया जाए तो वह एक राष्ट्र बन जाता है और इसमें से कुछ भी कम हुआ तो राष्ट्र नाम की कोई चीज ही ना है भूमि की दृष्टि से भी राष्ट्र अब कई हिस्सों में बट गए हैं। भाषा की दृष्टि से हम अनेक भाषाओं में बट गए हैं 27 भाषा तो केवल संविधान में पास है ना जाने हर 10 किलोमीटर में एक भाषा उत्पन्न हो जाती है व्यक्ति के नाम पर हमने राष्ट्र को अलग-अलग भागों में बांट दिया खून की दृष्टि से भी हमने आठ भागों में मनुष्य को बांट दिया तथा आंखों की दृष्टि से गोरे काले सांवले पीले आदि हमने चार भागों में आंखों की दृष्टि से लोगों को बांट दिया है और संस्कृति का हाल तो आप लोग जानते ही हैं की संस्कृति कितना पतन की ओर जा रही है कोई राष्ट्र के चारों घटक धीरे-धीरे अब हमारे छोटे हो जा रहे हैं उनका दायरा काम हो रहा है इसको संभालने की जिम्मेदारी संयोजन की जिम्मेदारी युवाओं पर है एक समाज की न्यूव जो है युवा होती है युवा जब इन छोटी मानसिकताओं से ऊपर उठकर एकता की भावना लेकर छोटे बड़े ऊंच नीच के भेदभाव को समाप्त कर सबको एक साथ लेकर के चलने की जिम्मेदारी को यदि निभाए तो एक सशक्त राष्ट्र बन सकता है।

विश्व रेडकास दिवस के थीम कीपिंग ह्यूमैनिटी अलाइव पर लगाया शिविर

## विश्व रेडक्रॉस व विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदातों को किया गया पौधा भेंट

कार्नर न्यूज

### शिविर में थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों के लिए 30 यूनिट रक्त एकत्रित

**दुर्ग।** विश्व रेडक्रास व विश्व थैलेसिमीया दिवस पर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान लोगों ने रक्तदान करने बढ चढकर हिस्सा लिया। इस दौरान कई सामाजिक संस्थाएं भी इस शिविर में जुडे रहे। इस दौरान रक्त देने आए लोगों को पर्यावरण का संदेश देने एक-एक पेड भेंट किया गया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार थैलेसिमिया पीड़ित मरीज को ब्लड की नियमित आवश्यकता एवं इलाज के दौरान हीमोग्लोबिन की कमी होने से रक्त का अभाव न हो इसी उद्धेश्य से 8 मई विश्व रेडक्रॉस व विश्व थैलेसिमीया दिवस पर दुर्ग जिला ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने 8 मई विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदाताओं को शुभकामनाएं दी है। साथ ही शिविर आयोजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।




### रक्तदाताओं को प्रदान किया प्रमाण पत्र

नोडल अधिकारी ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजित विशेष रक्तदान शिविर में आई.सी.आई.सी.आई. फाउण्डेशन से भिलाई, नवदृष्टि फांऊन्डेशन, अग्रवाल समाज दुर्ग, डॉ. रजनीश मल्होत्रा, डॉ. वॉय किरण, पियांशु सिंह, दीपक बंसल एवं दुर्ग-भिलाई के रक्तदाताओं ने रक्तदान कर कुल 30 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में 01 रक्तदाता पियांशु सिंह ने अपनी जीवन काल का प्रथम ''ए'पॉजीटिव रक्तदान किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. हेमंत साहू, आर.एम.ओ. डॉ. अखिलेश यादव, प्रबंधकारिणी सदस्य रेडकॉस एवं आजीवन सदस्य जीवनदीप दिलीप ठाकुर एवं मानद सदस्य जीवनदीप प्रशांत डोंगावकर, नोडल अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, प्रभारी अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. नेहा नलवाया, अस्पताल सलाहकार डॉ. विश्वनाथ पाणीग्राही, ओपी वर्मा, अंकिता सिंह, तृपेश शर्मा, धीरज राव इंग्ले, रोशन सिंह वरिष्ठ लैब टैक्नीशियन, रूपेश शर्पे, सती गुप्ता, महेन्द्र चंद्राकर, दिनेश, मधुसूदन देवागंन, कौशल, हिमांशु एवं समस्त ब्लड बैंक कर्मचारी उपस्थित रहें। रक्तदाताओं को उत्साहित कर प्रमाण पत्र एवं पौधा वितरित किये गये।

### अब तक सैकड़ों मरीजों को मिला रक्त

ब्लड सेंटर दुर्ग से थैलेसीमिया पीड़ति मरीजों को नियमित निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। वर्ष 2020 में 317 यूनिट, वर्ष 2021 में 267 यूनिट, वर्ष 2022 में 293 यूनिट, वर्ष 2023 में 498 यूनिट एवं जनवरी 2024 से अप्रैल 2024 तक 154 यूनिट रक्त थैलेसीमिया पीड़ति मरीजों को उपलब्ध कराया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### मिशन घर-घर शतरंज, हर घर शतरंज चलाएगा एआईसीएफ



**रायपुर।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने देश भर में शतरंज के विकास के लिए 65 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने इस आशय की घोषणा एक बैठक के उपरांत की, जिसमें देश भर में शतरंज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रमुख पहल पर ध्यान केंद्रित किया गया। एआईसीएफ के उपाध्यक्ष और छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ अध्यक्ष राघवेंद्र सिंघानिया ने बताया कि इस बजट के अंतर्गत तीन वर्षों में राज्य संघों को 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी का अनुबंध शुरू करने की योजना के लिए 2 करोड़ रूपए के प्रावधान से शतरंज को देश भर में प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने बताया कि संगठन का मिशन ₹घर-घर शतरंज-हर घर शतरंज₹ के आदर्श वाक्य के साथ शतरंज को हर घर तक पहुंचाना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बजट से देश के विभिन्न राज्यों के शतरंज खिलाड़ियों को एक नई गति मिलेगी ।

उन्होंने बताया एआईसीएफ की बैठक में तय किया गया कि अंडर-7 से अंडर-19 आयु वर्ग के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को दो साल के अनुबंध की पेशकश की जाएगी, जिसमें संबंधित श्रेणियों के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से धनराशि वितरित की जाएगी। इसके अलावा, शीर्ष 20 फिडे-रेटेड भारतीय शतरंज खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, शीर्ष पांच पुरुष और महिला खिलाड़ियों में से प्रत्येक को 25,00,000 रुपये मिलेंगे, और 6 वें से 10 वें स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को 12,50,000 रुपये दिए जाएंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में एआईसीएफ के नए अध्यक्ष नितिन नारंग ज़ी, राघवेंद्र सिंघानिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ एवं विनोद राठी महासचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के साथ ही सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एलिट ग्रुप क्रिकेट में बिलासपुर, बीएसपी और राजनांदगांव की बढ़त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर



19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन बुधवार से शुरू हुआ है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें दो ग्रुप में विभाजित की गई है। प्रथम दिवस ग्रुप ए का पहला चार दिवसीय मैच बिलासपुर तथा कोरबा के मध्य बी एस पी ग्रांउड, सिविक सेंटर भिलाई में खेला गया। जिसमें कोरबा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ने अपनी पहली पारी में 78.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 323 रन बनाये। जिसमें ओम वैष्णव ने 137 रन तथा ऋषभ शर्मा ने 74 रनों का योगदान दिया। कोरबा की ओर से राज्यवर्धन सिंह, अनिरुद्ध बघेल, अनुज शर्मा तथा अनुभव सोनी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक कोरबा ने अपनी पहली पारी में 9 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 29 रन बना लिये हैं। पहले दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ने 294 रनों की बढत बना ली है। ग्रुप ए का दूसरा चार दिवसीय मैच बी.एस.पी. तथा महासमुंद के मध्य आर.डी.सी.ए. ग्राउंड, रायपुर में खेला गया। जिसमें महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बी.एस.पी. ने अपनी पहली पारी में 50.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 115 रन बनाये। बी.एस.पी. की ओर से जसविंदर सिंह ने 47 रन तथा आलोक कुमार ने 21 रनों का योगदान दिया। महासमुंद की ओर से आदित्य सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। महासमुंद ने अपनी पहली पारी में 37 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 107 रन बना लिये है। महासमुंद की ओर से आदित्य कुमार ने नाबाद 61 रन तथा स्वंय पांडे ने नाबाद 41 रन बनाये। पहले दिन की समाप्ति तक बी एस पी 8 रनों से आगे है। ग्रुप बी का पहला चार दिवसीय मैच भिलाई तथा कांकेर के मध्य कांकेर ग्राउंड में खेला गया। जिसमें कांकेर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 45 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 149 रन बना लिये हैं। जिसमें गर्व कुमार सिंह ने नाबाद 80 रन तथा शिवेन्द्र तिवारी ने नाबाद 47 रनों का योगदान दिया। कांकेर की ओर से अखिलेश कोरम ने 1 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक भिलाई ने 1 विकेट खोकर 149 रन बना लिये है। ग्रुप बी का दुसरा चार दिवसीय मैच राजनांदगांव तथा प्लेट कंबाइंड के मध्य दल्लीराजहरा में खेला गया। जिसमें प्लेट कंबाइंड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजनांदगांव ने अपनी पहली पारी में 67.4 ओवरों में 10 विकेटों के नुकसान पर 201 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से वैदिक मधुकर ने नाबाद 104 रनों का योगदान दिया। प्लेट कंबाइंड की ओर से निखिल शर्मा ने 6 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक प्लेट कंबाइंड ने अपनी पहली पारी में 20 ओवरों में 2 विकेट खोकर 44 रन बना लिये हैं।पहले दिन की समाप्ति तक राजनांदगांव ने 157 रनों की बढ़त बना ली है।

### अब 9 घंटे की नींद को सेहत के लिए माना जा रहा जरूरी

# अच्छी सेहत के लिए बढ़ रहा है 'स्लीप डिवोर्स' का चलन, सोशल-मीडिया पर चर्चित हुआ मुद्दा

अच्छी सेहत के लिए नींद कितनी जरूरी है ये हम सभी अक्सर पढ़ते-सुनते रहते हैं। पर क्या हमें रोजाना रात में अच्छी नींद मिल पा रही है?

अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत सहित दुनिया के कई देशों में बड़ी आबादी नींद की समस्याओं से जूझ रही है। स्वस्थ शरीर के लिए रात में कम से कम सात से नौ घंटे अच्छी और निर्बाध नींद जरूरी है। यही कारण है कि अमेरिकी में बड़ी संख्या में लोग अपनी रात की नींद को बेहतर बनाने में मदद के लिए ₹स्लीप डिवोर्स₹ का विकल्प चुन रहे हैं। अमेरिकन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन (एएएसएम) के सर्वेक्षण के अनुसार, एक तिहाई से अधिक लोगों का कहना है कि साथी के खर्राटों की आवाज, पंखे की स्पीड, एसी के तापमान को सेट करने जैसी समस्याएं नींद में बाधा डालती हैं, इससे बचने के लिए पति-पत्नी कभी-कभी या लगातार अलग-अलग कमरों में सोते हैं। ये चलन भारत में भी बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। क्या 'स्लीप डिवोर्स' का चलन पति-पत्नी के आपसी संबंधों के लिए सही है या फिर दीर्घकालिक तौर पर इसके नुकसान हो सकते हैं, आइए स्वास्थ्य विशेषज्ञों से समझते हैं।



### इन बातों का ध्यान रखना भी जरूरी

मनोचिकित्सक कहते हैं, 'स्लीप डिवोर्स' की पहली और सबसे जरूरी शर्त ये है कि इसमें युगल की आपसी सहमति हो, वरना अलग-अलग सोने से भावनात्मक दूरी पैदा हो सकती है, खासकर अगर इससे शारीरिक संबंध प्रभावित होते हैं। इसलिए नींद को प्रभावित करने वाली समस्याओं के बारे में खुलकर बातचीत की जानी चाहिए। इसके अलावा पति-पत्नी के लिए एक साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने को प्राथमिकता देना भी महत्वपूर्ण है। कई देशों में जहां नींद की गुणवत्ता में कमी देखी जा रही है वहीं पर चिकित्सक कुछ समय के लिए 'स्लीप डिवोर्स' जैसे तरीकों को अपनाने की सलाह देते हैं।

### 'स्लीप डिवोर्स' पर क्या है विशेषज्ञ की राय?

क्या 'स्लीप डिवोर्स' का चलन आपसी रिश्तों के लिए ठीक है, इस बारे में समझने के लिए हमने मनोचिकित्सक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी से बातचीत की। डॉ सत्यकांत बताते हैं, नींद की समस्याएं रिश्तों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती हैं। बार-बार स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अच्छी नींद लेने के लिए सुझाव देते आ रहे हैं, ये मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए जरूरी है। एक रात भी ठीक से नींद न पूरी होने का असर अगले दिन गुस्सा, थकान, चिड़चिड़ेपन के रूप में देखने को मिलता है। अलग सोने की व्यवस्था व्यावहारिक दृष्टिकोण के रूप में उभर रही है। ये किसी भी तरह से रिश्ते के विफल होने का संकेत नहीं है बल्कि नींद की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए दंपत्ति अगर ऐसा फैसला करते हैं तो इसे बेहतर सेहत के लिए अच्छा कदम माना जा सकता है।

### नींद की गुणवत्ता में इससे हो सकता है सुधार

डॉ सत्यकांत कहते हैं, युगल अगर अपनी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करते हैं और नींद की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के लिए 'स्लीप डिवोर्स' का फैसला लेते हैं तो इसके दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ भी हो सकते हैं।



### पहले जान लीजिए 'स्लीप डिवोर्स' क्या है?

'स्लीप डिवोर्स' जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि ये 'नींद के लिए आपसी अलगाव' की एक शैली है। इसे ऐसे समझा जा सकता है कि अच्छी नींद पाने के लिए पति-पत्नी अलग कमरों, अलग बिस्तर पर या फिर अलग-अलग समय पर सोते हैं। साथी के खर्राटे की आवाज नींद को बाधित कर देती है, इसके अलावा एसी के तापमान, पंखे की गति या कुछ और चीजों को लेकर युगल में बहस या मतभेद हो सकती है, इसका असर उनकी नींद को प्रभावित न करे इसलिए कई देशों में ये चलन तेजी से बढ़ रहा है।



## व्हे प्रोटीन अधिक लेने से होते हैं साइड इफेक्ट, इसलिए ध्यान से करें सेवन

बॉडी बिल्डिंग और फिटनेस की दुनिया में व्हे प्रोटीन ऐसा सप्लीमेंट है, जिसे अधिकतर लोग लेते हैं। इतना ही नहीं इसकी डिमांड भी सबसे अधिक होती है।

दुनिया में हजारों ब्रांड व्हे प्रोटीन बनाते हैं। लेकिन लोग इंडिया में बिकने वाले कुछ बेस्ट व्हे प्रोटीन ब्रांड पर ही विश्वास करते हैं और उनका सेवन करते हैं।

फिटनेस इंडस्ट्री में सबसे अधिक डुप्लीकेसी जिस सप्लीमेंट की है, वो भी व्हे प्रोटीन ही है। इसलिए इसे लेने से पहले व्हे प्रोटीन असली है या नकली, इसकी जांच करना जरूरी है।

व्हे प्रोटीन वेट लॉस और बॉडी बिल्डिंग में मदद करता है। इसी कारण अधिकतर फिटनेस फ्रीक इसका सेवन करते हैं। यह तुरंत अब्जॉर्ब होकर मसल्स रिकवरी करता है।

इसके अलावा भी व्हे प्रोटीन के कई फायदे हैं। जैसे : प्रोटीन का कंप्लीट सोर्स, पचने में आसान होता है। इसे आप शेक में मिक्स करके भी पी सकते हैं। साथ ही यह फास्ट मसल्स रिकवरी में भी मददगार होता है।

एक्सपर्ट के मुताबिक, नॉर्मल पर्सन को 0.8-1 ग्राम / किलो बॉडी वेट प्रोटीन का सेवन करना चाहिए। वहीं फिटनेस फ्रीक को 1.5-1.8 ग्राम / किलो बॉडी वेट और हाई इंटेंसिटी वर्कआउट करने वाले लोगों को 2 ग्राम / किलो बॉडी वेट के हिसाब से प्रोटीन लेना चाहिए।

प्रोटीन का अधिकतर हिस्सा प्रोटीन फूड से आना चाहिए। लेकिन कुछ लोग ज्यादा हिस्सा व्हे प्रोटीन से लेने की कोशिश करते हैं। ऐसा करने से प्रोटीन की मात्रा तो पूरी हो सकती है, लेकिन इसके कुछ साइड इफेक्ट होते हैं।



एक्सपर्ट अधिक मात्रा में व्हे प्रोटीन का सेवन करने की सलाह नहीं देते। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको अधिक व्हे प्रोटीन लेने के साइड इफेक्ट के बारे में बताएंगे।

### पाचन संबंधी समस्याएं

व्हे प्रोटीन के अधिकतर साइड इफेक्ट डाइजेशन / पाचन संबंधी होते हैं। जो लोग व्हे प्रोटीन का अधिक सेवन करते हैं या जो लोग इसे डाइजेस्ट नहीं कर पाते उन लोगों में सूजन, गैस, पेट में ऐंठन और दस्त जैसे लक्षण आ सकते हैं। ये साइड इफेक्ट लैक्टोज की मात्रा ज्यादा होने से जुड़े होते हैं। व्हे प्रोटीन में लैक्टोज मुख्य कार्ब का कारण करता है। जो लोग लैक्टोज असहिष्णु हैं, उनको इसका सेवन करने से डाइजेशन संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। इसका कारण है कि उनकी बॉडी पर्याप्त लैक्टेज एंजाइम का प्रोडक्शन नहीं करती, जिससे शरीर को लैक्टोज पचाने में परेशानी होती है। रिसर्च के मुताबिक, लैक्टोज असहिष्णुता आम बात है। यह दुनियाभर में 75% लोगों को प्रभावित कर सकती है। यदि आप लैक्टोज असहिष्णु हैं तो व्हे प्रोटीन आइसोलेट का सेवन करें।

### असंतुलित न्यूट्रिशन

नेचुरल फॉर्म में प्रोटीन का सेवन सुरक्षित माना जाता है, क्योंकि वो न्यूट्रिशन से भरपूर होता है। लेकिन जब व्हे प्रोटीन की बात आती है तो इसे संसाधित किया जाता है और विभिन्न केमिकल प्रोसेस से होकर गुजरता है।



## अक्षय तृतीया पर बनने जा रहा गजकेसरी योग, इन राशियों के लिए अपार संपत्ति

अक्षय तृतीया के दिन कुबेर देव और मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इस दिन सोना खरीदने का भी बहुत महत्व माना जाता है। ज्योतिष गणना के अनुसार, इस साल अक्षय तृतीया पर गजकेसरी योग बनने वाला है। हिन्दू पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है। इस साल अक्षय तृतीया 10 मई, दिन शुक्रवार की पड़ रही है। अक्षय तृतीया के दिन कुबेर देव और मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इस दिन सोना खरीदने का भी बहुत महत्व माना जाता है। ज्योतिष गणना के अनुसार, इस साल अक्षय तृतीया पर गजकेसरी योग बनने वाला है। ऐसा माना जा रहा है कि लगभग 100 साल बाद अक्षय तृतीया पर गजकेसरी योग का निर्माण हो रहा है। ऐसे में इस योग के बनने से कुछ राशियों को विशेष लाभ होने वाला है। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कि कौन सी हैं वो राशियां।



### मिथुन राशि

अक्षय तृतीया पर बनने वाले गजकेसरी योग के कारण मिथुन राशि के जीवन में किसी मित्र का आगमन हो सकता है। धार्मिक कार्य करने पर सुखों का आगमन हो सकता है और साथ ही, धन लाभ के भी योग हैं। अगर नौकरी बदलना चाहते हैं तो अक्षय तृतीया के बाद नौकरी बदल सकते हैं, आपको फायदा होगा।

### सिंह राशि

सिंह राशि के जातकों को अक्षय तृतीया के दिन बनने वाले गजकेसरी योग के कारण कारोबार में बड़ा लाभ होगा। आपको व्यापर में उन्नति प्राप्त होगी। अगर आप नौकरीपेशा हैं तो आपके लिए अक्षय तृतीया के बाद का समय बहुत शुभ रहेगा। आपको नौकरी में लाभ मिलेगा और आपके प्रमोशन के भी योग हैं।

### धनु राशि

धनु अरशी के जो जातक नौकरीपेशा हैं उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्हें नौकरी के माध्यम से धन लाभ होने के संकेत हैं। साथ ही, आपको नौकरी स्थल पर अपने से ऊंचें अफसरों का साथ भी मिलेगा। पारिवारिक सुख आपको अक्षय तृतीया के बाद से मिलेगा। आपको आर्थिक, मानसिक, आत्मिक लाभ मिलेंगे।

## आटे में मिलाएं बर्फ के टुकड़े, रोटी बनाने का यह तरीका नहीं जानती होंगी आप



गर्मियों में गैस के पास खड़े होकर रोटियां बनाना तो किसी को भी अच्छा नहीं लगता होगा और उस पर रोटियां खराब या कड़क बनें तब तो और भी बुरा। ऐसे में आटे से जुड़ी ये ट्रिक्स जरूर जान लें।

आटा गूंथना वैसे तो आसान है, लेकिन कई लोगों को यह बहुत बोरिंग काम लग सकता है। गर्मियों के समय तो किचन में खड़े रहना ही और मुश्किल लगता है। गर्मियों की एक और समस्या होती है कि आटा अगर आपने गूंथकर रख लिया, तो वह काला पड़ने लगता है या खट्टा हो जाता है। आटा फ्रिज में रखने के बाद भी खट्टा होने लगता है और यह वाकई अच्छा नहीं है। ऐसे में अगर आप कुछ ऐसी ट्रिक्स को आजमाएंगी जिससे फ्रिज में रखे हुए आटे से भी सॉफ्ट रोटी बने, तो आपके लिए अच्छा होगा। आज हम भी आपको कुछ ऐसी ही ट्रिक्स बताने जा रहे हैं, जो शायद आपको पसंद आएंगे।

रोटी का आटा ना पड़े काला उसके लिए क्या करें?

इस एक ट्रिक से ही आटे के काले और खट्टे होने की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। दरअसल, जब भी हम आटा गूंथते हैं तब पानी का तापमान हमेशा ही रूम टेम्परेचर पर रखते हैं। पर इससे आटे में फरमेंटेशन का प्रोसेस जल्दी होने लगता है। ऐसे में आटा थोड़ी देर के लिए भी अगर बाहर रह गया, तो वह काला पड़ने लगेगा। इसे रोकने के लिए आप बर्फ के टुकड़े डालकर पानी को जितना ठंडा हो सके उतना ठंडा करें और फिर उस पानी से आटा गूंथें।

ऐसा करने से आपका आटा फर्मेंटेशन प्रोसेस में नहीं जाएगा। अगर आप तुरंत रोटियां नहीं बनाने वाली हैं।

### कार्नर न्यूज

## अपने बच्चों की परवरिश में ध्यान रखें स्वच्छता का सबक

# बच्चे कैसे रखें खुद को स्वच्छ, इन तरीकों से सिखाएं अभिभावक

माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों में साफ-सफाई की अच्छी आदतें डालें, क्योंकि ये उनकी सेहत और लाइफस्टाइल, दोनों से जुड़ी हैं। बच्चे कुछ बड़े क्या होते हैं कि खुद से नहाने की जिद करने लगते हैं। आप जब उन्हें नहलाती है तो उनकी साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखती है। लेकिन वे खुद से इस उम्र में सही तरह से नहीं नहा सकते, जिससे उन्हें कई तरह की बीमारियों का खतरा हो सकता है। इसी तरह बच्चों की इम्यूनिटी हमारे मुकाबले काफी कमजोर होती है और ऐसे में सेहत के प्रति बरती गई थोड़ी-सी लापरवाही भी उन्हें बीमार कर सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप बच्चों की हाइजीन का खास ख्याल रखें और उन्हें छोटी उम्र से ही बॉडी हाइजीन हैबिट्स सिखाएं।



### हाथों की सफाई

सेहतमंद रहने के लिए हाथों की सफाई बहुत जरूरी है। हमारे हाथों पर कई तरह के बैक्टीरिया और वायरस होते हैं। ये बैक्टीरिया और वायरस हमारे शरीर के भीतर सबसे आसानी से हाथों से ही पहुंचते हैं। इसलिए बच्चों को कम उम्र से ही अपने हाथों को साफ रखना जरूर सिखाएं। उनमें आदत डालें कि वे खाना खाने से पहले और बाद में हाथों को अच्छी तरह साफ करें। वे खेलने, जानवरों को छूने, रोगियों से मिलने और बाहर से घर आने के बाद अच्छी तरह साबुन से अपने हाथों को साफ करें।

### दांतों पर ध्यान

बच्चों के दांत आने के बाद आप उन्हें सही तरीके से उनकी सफाई करना सिखाएं। इसके अलावा कुछ भी खाने के बाद कुल्ला करना, सोने से पहले ब्रश करना और कोई भी ऐसी-वैसी चीज मुंह में लेने से मना करें। दांतों को साफ रखने की आदत उन्हें कैविटी से बचाएगी। साथ ही बच्चों में ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की आदत डालें। इससे उनके मुंह से बदबू नहीं आएगी और वे दिन भर हाइड्रेट भी रहेंगे।

### वॉशरूम में

टॉयलेट भी ऐसी जगहों में से एक है, जहां से सबसे ज्यादा बीमारियां फैलती हैं। इसलिए आप बच्चों को छोटी उम्र से ही साफ तरीके से टॉयलेट यूज करना सिखाएं, ताकि उन्हें कोई बीमारी न लगे। आप उन्हें बताएं कि टॉयलेट को बिना गंदा किए इस्तेमाल करें, साथ ही टॉयलेट जाने के बाद खुद को कैसे साफ करें और हाथों को किस प्रकार अच्छी तरह से धोएं।

### काटती रहें नाखून

एक उम्र के बाद बच्चे आपसे नहाने में शर्माने लगते हैं। इसलिए उनमें रोज नहाने की आदत डालें और इस दौरान उन्हें शरीर की साफ-सफाई, जैसे कि हाथ, पैर, बाल, और अन्य अंगों की सफाई।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अब नहीं बनेगी 'वंडर वूमन' की तीसरी कड़ी

'वंडर वुमन' की फ्रेंचाइजी खत्म हो गई है। इस खबर को सुनकर दुनिया भर में 'वंडर वुमन' के फैंस में काफी निराशा देखने को मिल रही है। वहीं इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए क्रिस पाइन कहते हैं, 'मैं सच में हैरान हूं कि आखिर ऐसा क्यों किया गया है। 'वंडर वुमन' के चाहने वालों को यह खबर निराश कर सकती है। मीडिया रिपोट्‌र्स की मानें तो पैटी जेनकिंस की फिल्म 'वंडर वुमन' की फ्रेंचाइजी को समाप्त किया जा रहा है। फिल्म 'वंडर वुमन' फ्रेंचाइजी के करोड़ों दर्शक दीवाने हैं। पहली बार यह फिल्म 1984 में दर्शकों के सामने आई थी और तब से लेकर अबतक इस फ्रेंचाइजी की सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में कामयाब रही हैं। वहीं अभिनेता क्रिस पाइन ने इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। आइए आपको बताते हैं उन्होंने क्या कहा है। 'वंडर वुमन' की फ्रेंचाइजी खत्म हो गई है। इस खबर को सुनकर दुनिया भर में 'वंडर वुमन' के फैंस में काफी निराशा देखने को मिल रही है। वहीं इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए क्रिस पाइन कहते हैं, 'मैं सच में हैरान हूं कि आखिर ऐसा क्यों किया गया है। आखिर पैटी जेनकिंस की 'वंडर वुमन' की फ्रेंचाइजी को कैसे खत्म किया जा सकता है'। क्रिस पाइन अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, 'मैं इस बात पर जितना ध्यान देकर समझने की कोशिश कर रहा हूं उतना ही मैं इसे समझ नहीं पा रहा हूं। ऐसा भी नहीं है कि 'वंडर वुमन' की फ्रेंचाइजी बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर रही हों। इस फिल्म की वजह से वार्नर ब्रदर्स को फायदा ही हुआ था। 'वंडर वुमन' ने दुनिया भर में लगभग 1 बिलियन डॉलर की कमाई की थी। आखिर उन्होंने इतना बड़ा फैसला क्या सोच कर लिया यह बात मेरे समझ से परे है'। पैटी जेनकिंस की फिल्म 'वंडर वुमन' फ्रेंचाइजी हॉलीवुड की बेहतरीन फ्रेंचाइजी में से एक मानी है। क्रिस पाइन कहते हैं, 'वंडर वुमन' एक अविश्वसनीय किरदार है। दुनिया भर में करोड़ों दर्शक इसके दीवाने हैं। वहीं पैटी भी बहुत ही रचनात्मक निर्देशक हैं। पता नहीं क्यों इसे आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है'। आपको बताते चलें कि पहली 'वंडर वुमन' फिल्म 1984 में रिलीज की गई थी।



### टॉलीवुड

## 'स्वयंभू' पर पानी की तरह पैसा बहा रहे निर्माता, एक्शन सीक्वेंस के लिए खर्च होंगे करोड़

टॉलीवुड अभिनेता निखिल सिद्धार्थ अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चा में हैं। वे जल्द ही पैन इंडिया फिल्म स्वयंभू में नजर आने वाले हैं। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस बीच भरत कृष्णामाचारी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। ताजा अपडेट के मुताबिक मौजूदा समय में फिल्म की टीम एक प्रमुख एक्शन सीक्वेंस का फिल्मांकन कर रही है, जिसमें प्रमुख कलाकार शामिल हैं। इन दृश्यों में निखिल कुछ हैरतअंगेज स्टंट करते भी नजर आएंगे, जिसे वियतनामी लड़ाकों समेत 700 कलाकारों के साथ 12 दिनों तक शूट किया जाएगा।

मीडिया रिपोट्‌र्स के मुताबिक वॉर सीक्वेंस को दो बड़े सेट पर शूट किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक इस सीक्वेंस की शूटिंग में निर्माता पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसे शूट करने में मेकर्स के आठ करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन एक्शन दृश्यों में आने वाली लागत की वजह से यह फिल्म चर्चा के केंद्र में आ गई है। इस पीरियड एक्शन-एडवेंचर ड्रामा में संयुक्ता और नाभा नटेश महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण भुवन और श्रीकर कर रहे हैं। वहीं, इसे टैगोर मधु द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म के छायांकन की कमान मनोज परमहंस के हाथों में है। वहीं, इसका संगीत रवि बसरुर ने तैयार किया है। इसके संवाद वासुदेव मुनेप्पगारी ने लिखे हैं। जबकि एम प्रभाकरन ने फिल्म का सेट डिजाइन किया है। वर्क फ्रंट की बात करें तो निखिल को आखिरी बार पर्दे पर स्पाई नाम की फिल्म में देखा गया था। साल 2023 में आई इस फिल्म को दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली थी।



### भोजपुरी

## आनंद चतुर्वेदी और काजल राघवानी की 'मैं कौन हूं' की शूटिंग हुई पूरी

कई सारी भोजपुरी फिल्में एक के बाद एक रिलीज हो रही हैं। इसी बीच, काजल राघवानी और आनंद चतुर्वेदी की लीड रोल वाली फिल्म 'मैं कौन हूं' की शूटिंग भी पूरी हो गई है और फिल्म जल्द ही रिलीज के लिए तैयार भी है। बस इसका आखिरी फेज यानी प्रोडक्शन का काम चल रहा है। मैं कौन हूं! यदि आप यह सवाल किसी चौक चौराहे पर खड़ा होकर किसी व्यक्ति से पूछते हैं तो लोग आपको पागल ही समझेंगे, लेकिन इसी सवाल को यदि आप आध्यात्मिक तरीके से लेते हैं और खुद से ही यह सवाल पूछते हैं तो यह मैं कौन हूं आपको आत्मसाक्षात्कार की ओर एक कदम आगे तक ले जाता है।

अब इस फ़ल्मि 'मैं कौन हूं' के लेखक निर्देशक मृत्युंजय श्रीवास्तव की सोच किस तरफ इसको लेकर जाती है यह तो देखने वाली बात है लेकिन हाल फिलहाल इस फ़ल्मि की शूटिंग उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर, विंध्याचल और बस्ती में पूरी हो चुकी है। फ़ल्मि में भोजपुरी फ़ल्मि जगत के जाने माने चेहरों ने अपने अभिनय से चार चांद लगाया है ।

और यह फ़ल्मि इन दिनों पोस्ट प्रोडक्शन में मुम्बई में है।



## फिक्र ग्लोबल वार्मिंग की

लाइफ स्टाइल

"दक्षिण में ग्रेट डिवाइडिंग रेंज और लॉडन व गॉलबर्न नदी घाटियों में पांच आदिवासी देशों का एक गठबंधन कुलिन नाम का देश है। यहां ग्लोबल वार्मिंग यानि जलवायु परिवर्तन को लेकर अभूतपूर्व जागरुकता है। यहां की ताउंगुरुंग और जारा कलाकार कैसी लीथम ने यांगगुर्डी लेबल संग्रह डिजाइन करते समय जलवायु परिवर्तन को सबसे आगे रखा था। लीथम का मानना है कि 'पहनने योग्य कला और अपने पूर्वजों की यात्रा को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण तरीका' यह फैशन है।



## नहीं आती है सलवार-सूट की सही फिटिंग? ये हो सकते हैं कारण

किसी भी लुक को खास बनाने के लिए कपड़ों की सही फिटिंग आना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप फैब्रिक का खास ख्याल रखें।

सलवार-सूट को हर मौके के लिए कई तरह से स्टाइल किया जाता है। इसका डिजाइन भी ओकेजन के हिसाब से ही बनवाया जाता है। तेजी से बदलते दौर में आपको रेडीमेड सलवार-सूट की काफी बड़ी वेरायटी देखने को मिल जाएगी, लेकिन परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए हम सलवा-सूट को खुद सिलवाना पसंद करते हैं। कई बार कुछ गलतियों के कारण सूट की सही फिटिंग नहीं आ पाती है और हमारा पूरा लुक बिगड़ जाता है। तो आइये आज हम बताने वाले हैं किन कारणों से सलवार-सूट में सही फिटिंग नहीं आ पाती है और कैसे इन्हें सुधारा जा सकता है।



### गिरते कंधों को सही फिटिंग कैसे दें?

अक्सर सूट के कंधे गिरने लगते हैं, जिससे पूरे लुक की फिटिंग खराब नजर आने लगती है। इसका मुख्या कारण ज्यादा बड़े और चौड़े नेक डिजाइन भी हो सकता है। इस वजह से ब्रा स्ट्रैप भी बाहर नजर आने लगते हैं। इस तरह की परेशानी से बचने के लिए आप तिच बटन लगवा सकती हैं और ब्रा के स्ट्रैप में सूट को पिन अप कर सकती हैं। इसके अलावा आप सूट को सही फिटिंग और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बैक की नेकलाइन में डोरी भी लगवा सकती हैं।

### सलवार-सूट के लिए फैब्रिक कैसे चुनें?

मार्केट में आपको अनेक तरह के कपड़ों की वेरायटी देखने को मिल जाएगी। अब आपको अपनी बॉडी शेप और जरूरत के अनुसार ही फैब्रिक को चुनना है। इसके लिए आप कॉटन ता सिल्क के कपड़े को चुन सकती हैं। ध्यान रहे कि आप खिंचाव वाले फैब्रिक को न चुनें। सिल्क में आप इस मौसम के हिसाब से सॉफ्ट क्रेप को चुन सकती हैं।

## ये आउटफिट्स आपको देंगे परफेक्ट समर लुक, ट्राई करके जरुर देखें



अगर आप कहीं आउटिंग का प्लान कर रहे हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं।

समर सीजन में अक्सर महिलाएं कहीं न कहीं घूमने का प्लान बना लेती हैं लेकिन आउटिंग के दौरान महिलाएं एक ऐसे आउटफिट चाहती हैं जिसमें वो खूबसूरत नजर आए । वहीं इस आर्टिकल में हम आपको कुछ मैक्सी ड्रेस दिखाने जा रहे हैं जिन्हें आप आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं । इस तरह के आउटफिट्स में जहां आप खूबसूरत लगेंगी तो वहीं इन ड्रेस को वियर करने के बाद आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।



### फ्लोरल मैक्सी ड्रेस

इन दिनों ये फ्लोरल मैक्सी ड्रेस काफी ट्रेंड में हैं और इस तरह की ड्रेस को आप आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं। ब्लैक कलर की ये मैक्सी ड्रेस पॉलिस्टर में है और इस ड्रेस में आप काफी खूबसूरत भी नजर आएंगी । इस ड्रेस को ऑनलाइन या फिर बाजार से खरीद सकती हैं । वहीं ये ड्रेस आपको आसानी से 500 से 700 के बीच मिल जाएंगी।

### जॉर्जेट मैक्सी ड्रेस


इस तरह की जॉर्जेट डिजिटल प्रिंटेड मैक्सी ड्रेस में आप भीड़ से अलग नजर आएंगी। ये मैक्सी ड्रेस जॉर्जेट में है साथ ही इसमें फ्लावर प्रिंट है। वहीं ये ड्रेस इस हाफ स्लीव्स में आती है और इस वजह से ड्रेस समर सीजन में आउटिंग के दौरान वियर करने के लिए

## गोल्डन ब्लाउज की बैक नेक लाइन डिजाइंस देखें

अपनी साड़ी को खूबसूरत अंदाज देना चाहती हैं तो गोल्डन ब्लाउज की बैक नेकलाइन डिजाइन देखें और अपने लिए ऐसे ही ब्लाउज रीक्रिएट करवाएं।

किसी अवसर पर जाने से पहले हम सभी के मन में इस बात को लेकर बहुत मंथन चलता रहता है कि 'हम आखिर पहने क्या?' कई बार तो हर अवसर के लिए हम शॉपिंग पर भी जाते हैं, मगर साड़ी लवर महिलाओं को ज्यादा दिक्कत नही आती है। वे हर अवसर के लिए साड़ी तैयार रखती हैं। कई बार तो पुरानी साड़ी को नए ब्लाउज के साथ कैरी करके उसे नया लुक भी दे डालती हैं। अगर आप भी ऐसा करती हैं, तो आपकी वॉर्डरोब में 2 से 3 अलग-अलग डिजाइन वाले गोल्डन ब्लाउज जरूर होने चाहिए।

दरअसल, गोल्डन ब्लाउज किसी भी साड़ी के साथ मैच कर जाते हैं और आप बाजार से अपनी पसंद का फैब्रिक लेकर उन्हें अपनी इच्छा अनुसार स्टिच करा सकती हैं। आज हम आपको गोल्डन ब्लाउज की कुछ बैक नेक लाइन डिजाइंस दिखाएंगे, जिन्हें आप भी रीक्रिएट करा सकती हैं।



कटआउट ब्लाउज बैक नेक लाइन

अगर आप कंफर्टेबल महसूस करती हो तो ब्लाउज की बैक पर एक कटआउट डिजाइन बनवा सकती हैं। यह कटआउट जितना डीप होगा उतना अच्छा होगा। आप इस कट आउट को ओवल, चौकोर, त्रिकोण या फिर गोल आकार में बनवा सकती हैं।

इस तरह के ब्लाउज पैडेड हों तो ज्यादा अच्छा रहता है क्योंकि डीप कट होने के कारण ब्रा पहनने पर उसकी बेल्ट दिख सकती है।

## कौन सा आईलाइनर लुक रहेगा बेस्ट?

आंखों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए आप भी आइलाइनर लगाते वक्त लेख में बताए गए तरीकों को अपना सकती हैं। किस तरह की आंखों के शेप में कैसा आइलाइनर लगाना चाहिए, यह लेख में जानें।

किसी का चेहरा एक सा नहीं होता है और चेहरे को युनिक बनाते हैं आंख, नाक, होंठ और आइब्रो के शेप। हमारे फीचर्स ही हमारा लुक तय करते हैं और इन्हें संवारने के लिए अब हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं। हम ब्यूटी प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से ही अपने फेशियल फीचर्स को सुधार सकते हैं। आंखों के भी अलग-अलग शेप होते हैं और इन्हें और भी ज्यादा खूबसूरत बनने के लिए आप आइलाइनर का सहारा ले सकती हैं। आज हम आपको इस आर्टिकल में बताएंगे कि किस तरह की आंखों की शेप में कैसा आइलाइनर लुक अच्छा लगता है। अगर आपको भी आइलाइनर लगाने का शौक है तो आपको भी यह लेख अंत तक जरूर पढ़ना चाहिए।

### कितने प्रकार के होते हैं आंखों के शेप

बादाम के शेप की आंखें,राउंडेड आई शेप,क्लोज सेट आई शेप, मोनोलिड आई शेप

### बादाम के शेप की आंखें



अगर आपकी आंखों का आकार बादाम के शेप जैसा है तो आपको बता दें कि इस आई शेप को सबसे खूबसूरत माना जाता है। आप इस तरह की आंखों में आइलाइनर से कई तरह के प्रयोग कर सकती हैं। इन आंखों को बड़ा दिखाने की जरूरत नहीं होती है, मगर इनकी खूबसूरती में चार-चांद लगाने हैं तो आप आइलाइनर से आउटर कॉर्नर पर विंग निकाल सकती हैं।

### मोनोलिड आई शेप

मोनोलिड आई शेप बहुत ही छोटा होता है और आमतौर पर इस तरह के आई शेप को संवारना बहुत कठिन होता है। आपको कई ऐशियन देशों के लोगों के आईशेप इस तरह के मिल जाएंगे।

कार्नर न्यूज

## फैशन के दौर में स्टाइलिश रहना जरूरी

# ऐसे सीक्रेट, जिन्हें केवल स्टाइलिश पुरुष ही जानते हैं

*क्या आपने कभी सोचा है कि कुछ व्यक्ति अपने पहने हुए कपड़ों के कारण काफी स्टाइलिश क्यों दिखते है? इसका जवाब है क्योंकि वह उनके महत्व को भलीभांति जानते हैं। जब आप अपने कपड़ों के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित करते हैं तो आप भीड़ से कुछ अलग नजर आते हैं। अगर आप भी भीड़ से जुदा दिखना चाहते हैं तो शर्ट के कॉलर से लेकर जूते तक ये चार चीजें अपनाएं ताकि लोगों का ध्यान आपके ऊपर भी जाए।*



### उस कॉलर का चुनाव करें, जो आपके चेहरे पर फिट हो

अगर आपका चेहरा गोल है तो आप पतले कॉलर की शर्ट पहनें, जिससे आपके चेहरे को लंबाई मिलेगी। अगर आपका चेहरा सामान्य है तो सेमी-स्प्रेड कॉलर वाली शर्ट पहनें, जिसपर टाई खूब जंचेगी। अगर आपका चेहरा पतला है तो फैले हुए कॉलर वाली शर्ट पहनें, जिससे आपका जॉलाइन बड़ा दिखाई देगा। शर्ट के शोल्डर्स ठीक उसी जगह आने चाहिए जहां आपके शोल्डर्स हैं, जिससे शर्ट की रूपरेखा निखर कर सामने आएगी। शर्ट की बाजु आपकी कलाई से ठीक ऊपर खत्म होनी चाहिए। अगर आप चाहते हैं तो अपनी शर्ट के कफ को एक चौथाई इंच तक छोड़ सकते हैं। अपने टेलर से कहें कि आपके जैकेट को ज्यादा नीची न करें क्योंकि ज्यादा लंबी जैकेट स्टाइल खराब करती है।

### अपनी लंबाई के हिसाब से कपड़े पहनें

अगर आपकी लंबाई कम है तो एक बटन वाला सूट पहनें। एक बटन वाले सूट में आपकी ज्यादातर शर्ट दिखाई देगी, जिससे आप लंबे लगेंगे। अगर आपकी लंबाई सामान्य है तो बटन वाला सूट पहनें। हकीकत है कोई भी व्यक्ति दो बटन वाले सूट में बुरा नहीं दिखाई देता। अगर आपकी लंबाई सामान्य है या थोड़ कम है तो आप बेझिझक इस प्रकार का सूट पहन सकते हैं। अगर आपकी लंबाई ज्यादा है तो तीन बटन वाले सूट का इस्तेमाल करें। अगर आपकी लंबाई ज्यादा है तो आप शर्ट का एक बटन खोलकर सूट पहन सकते हैं, जिससे आप भीड़ से थोड़ा अलग दिखाई देंगे। सबसे पहले अपने जूतों को एक साफ कपड़े से पोंछें। चमड़े के जूतों को गीला छोड़ना उन्हें खराब कर सकता है। जूतों में कागड़ को मोड़कर कर रखें और जब कागज गीला हो जाए तो उसे बदलें। ऐसा तब तक करें जब तक जूता पूरी तरह से सूख न जाए।

